असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 29.05.2023 | वर्ष 10, अंक 145 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है, जो करते है, वह सामंजस्य में हो।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 36°
न्यूनतम 18°

## सेंगोल की स्थापना के साथ पीएम ने देश को समर्पित किया नया संसद भवन

# समय की जरूरत थी नया संसद भवन : पीएम मोदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नई दिल्ली** : सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनाए गए नए संसद भवन को रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को समर्पित किया.कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ के पुजारियों द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नए संसद भवन का उद्घाटन किया गया, जिसके दौरान प्रधानमंत्री ने सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल को लोकसभा स्पीकर के आसन के पास स्थापित किया. इस अवसर पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन श्रमिकों को सम्मानित किया, जिनका योगदान संसद भवन के निर्माण में रहा है. भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान सर्व धर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया. इस मौके पर पीएम ने कहा कि नए संसद भवन को देखकर हर भारतीय गौरव से भरा हुआ है. इस भवन में विरासत भी है, वास्तु भी, कला भी है, कौशल भी है. इसमें संस्कृति भी, संविधान के स्वर भी. आप देख रहे हैं कि लोकसभा का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आधारित है. राज्यसभा का हिस्सा राष्ट्रीय फूल कमल पर आधारित है और संसद के प्रांगण में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद भी है. हमारे देश में अलग-अलग हिस्सों की विविधता इस नए भवन में उन सबको समाहित किया है. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नौ साल की सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया. उन्होंने कहा कि अगर कोई एक्सपर्ट बीते नौ साल का आकलन करे तो पाएगा कि ये 9 साल भारत में नवनिर्माण के रहे हैं. गरीब कल्याण के रहे हैं. आज हमें संसद की नई इमारत के निर्माण का गर्व है. मुझे नौ साल में गरीबों के चार करोड़ बनने का भी संतोष है. आज जब हम इस भव्य इमारत को देखकर अपना सिर ऊंचा कर रहे हैं तो मुझे बीते नौ साल में बने 11 करोड़ शौचालयों का भी संतोष हैं, जिन्होंने महिलाओं की गरिमा की रक्षा की, उनका सिर ऊंचा कर दिया. आज जब हम सुविधाओं की बात कर रहे हैं बीते नौ साल में गांवों को जोड़ने के लिए चार लाख किमी से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया.

आज हम ईको फ्रेंडली इमारत को देखकर खुश हैं, हमने पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों का निर्माण किया है. आज जब हम उत्सव मना रहे हैं कि हमने नई संसद भवन का निर्माण किया है तो हमने देश में 30 हजार से ज्यादा नए पंचायत भवन भी बनाए हैं. यानी पंचायत भवन से लेकर संसंद भवन तक हमारी निष्ठा एक ही है. हमारी प्रेरणा एक ही है. देश का विकास, देश के लोगों का विकास.पीएम ने कहा कि समय की जरूरत थी नया संसद भवन. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 75 रुपये का विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किया।

### प्रधानमंत्री ने 75 रुपये का विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किया



**पूरा देश नए संसद भवन के उद्घाटन का बना गवाह ओम बिड़ला**

नए संसद भवन के उद्घाटन पर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि पूरा देश आज इस पल का गवाह बन रहा है. मैं पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिनके नेतृत्व में 2.5 साल के भीतर इस नई संसद का निर्माण हुआ. बिड़ला ने कहा कि नए वातावरण में नए विचारों का सृजन होगा. ऐसा मेरा विश्वास है. यह भवन ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, ग्रीन वातावरण, कला संस्कृति, वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण है. इस भवन में प्रत्येक भारतीय को अपने राज्य की संस्कृति की झलक दिखेगी. उन्होंने कहा कि हम संसद में जब नए भवन में प्रवेश करें तो नए संकल्प के साथ. हम लोकतंत्र की नई परंपराओं को आगे बढ़ाएं.

**हरिवंश ने पढ़ा राष्ट्रपति का संदेश**

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व उपराष्ट्रपति का संदेश पढ़ा. उन्होंने कहा कि इस बात का संतोष है कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं. संसद का नया भवन नीतियों के माध्यम से हासिए पर पड़े हुए लोगों समेत सभी देशवासियों की आवश्यकताओं का सक्रियता से समाधान सुनिश्चित करेगा. ये लोकतंत्र का पालना है. हमारा देश लोकतांत्र के वैश्विक फैलाव के संरक्षण में सहायक रहा है.

## संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं पीएम : राहुल गांधी



एजेंसी

**नई दिल्ली** : संसद के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का कांग्रेस समेत 21 दलों ने विरोध किया.

वहीं, उद्घाटन के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि संसद भवन के उद्घाटन को प्रधानमंत्री राज्याभिषेक समझ रहे हैं. संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह के बाद राहुल गांधी ने एक ट्वीट किया.

इसमें उन्होंने लिखा, संसद लोगों की आवाज़ है! प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं. बता दें, कांग्रेस ने उद्घाटन समारोह का यह कहते हुए बहिष्कार किया था कि नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों नहीं बल्कि राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए.

राहुल गांधी ने भी इसके समर्थन में आवाज उठाई थी. इधर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने निशाना साधते हुए कहा कि एक ऐसे आत्ममुग्ध तानाशाह प्रधानमंत्री ने यह उद्घाटन किया है, जिन्हें संसदीय परंपराओं से नफरत है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को उनके संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने दिया जा रहा है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश ने ट्वीट किया कि 28 मई को आज के दिन नेहरू, जिन्होंने भारत में संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सबसे अधिक काम किया, उनका 1964 में अंतिम संस्कार किया गया था.

रमेश ने कहा, सावरकर, जिनकी विचारधारा ने ऐसा माहौल बनाया जो महात्मा गांधी की हत्या का कारण बना, उनका जन्म 28 मई 1883 में हुआ था. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति, जो इस पद पर बैठने वाली पहली आदिवासी हैं, उन्हें अपने संवैधानिक कर्तव्यों को निभाने नहीं दिया जा रहा है. उन्होंने कहा, उन्हें (राष्ट्रपति को) 2023 में नए संसद भवन के उद्घाटन की इजाज़त नहीं दी गई. उन्होंने कहा कि तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है. उनका कहना है कि संसद के नए भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री को नहीं, बल्कि राष्ट्रपति को करना चाहिए.

## क्वीक न्यूज

### हिमस्खलन से दस लोगों की मौत

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में खानाबदोशों के एक काफिले के हिमस्खलन की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की।मलबे में बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की आशंका है और अस्तोर जिले के दूर-दराज के इलाके में खराब मौसम के बावजूद बचाव दल उन्हें निकालने की कोशिश कर रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जीबी मोहिउद्दीन अहमद वानी ने बताया कि खानाबदोश अपने मवेशियों के साथ पाकिस्तान-नियंत्रित कश्मीर से एस्टोर जा रहे थे।अधिकारी ने कहा कि हर साल मई से जून तक, हजारों खानाबदोश अलग-अलग क्षेत्रों से इस क्षेत्र में चले जाते हैं और अक्टूबर में बर्फबारी के मौसम की शुरुआत से पहले वापस चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों सहित घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से कई की हालत गंभीर है।मुख्य सचिव ने कहा कि क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण हिमस्खलन हुआ। जीबी के मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद खान ने एक बयान में घटना पर दुख व्यक्त किया और टीमों को बचाव अभियान तेज करने का निर्देश दिया।

### झारखंड-बिहार में नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के 17 हजार सिम डीओटी ने किए निष्क्रिय

**रांची** : बिहार और झारखंड में नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के 21,800 सिम कार्ड में से अब तक कुल 17,000 को अप्रैल और मई में निष्क्रिय कर दिया गया है। रांची स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारी प्रत्युष पाठक ने रविवार को बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 21,800 कनेक्शन में से लगभग 17,000 ऐसे मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है। डीओटी के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार एक ग्राहक भारत में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से अधिकतम कुल नौ मोबाइल कनेक्शन प्राप्त कर सकता है। जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में ग्राहकों के लिए यह सीमा छह है।

### साहिबगंज में डायन के शक में भाभी की काटकर हत्या

**साहिबगंज** : मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के सिमडा पंचायत अन्तर्गत डुमरी टोला गांव में मरांग कुडी टुडू (38) की कुल्हाड़ी से मारकर उसके देवर ने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित देवर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पति लखन हांसदा ने बताया कि उसके पिता मरांग हांसदा की मौत किसी बीमारी के कारण हो गई है। इसे लेकर अंधविश्वास में उसके छोटे भाई बाबू हांसदा ने भाभी को कुल्हाड़ी से वार करते हुए यह कहकर मार डाला कि वह डायन-बिसाही जानती है। लखन ने बताया कि लीवर की बीमारी के कारण उसके पिता की मौत हुई थी लेकिन उसके छोटे भाई ने उसकी पत्नी को डायन बता दिया। सूचना पाकर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी प्रकाश रंजन घटनास्थल पर पहुंचे और रात में बाबू हांसदा को डुमरी गांव से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया। पुलिस ने शव को रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए साहेबगंज सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

### भारत-पाक सीमा पर ड्रोन की हलचल, बीएसएफ ने फायरिंग कर खदेड़ा

**श्रीगंगानगर** : पश्चिमी सीमा से लली रायसिंहनगर इलाके में ख्यालीवाला पोस्ट के समीप शनिवार रात एक ड्रोन की आवाज सुनाई दी। सतर्क सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने फायर कर उसे गिराने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर ड्रोन गायब हो गया। रविवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने बताया कि देर रात करीब डे? बजे रायसिंहनगर इलाके में ड्रोन आया था। इस पर बीएसएफ जवानों ने फायर किए। घटना के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया लेकिन अब तक हेरोइन के पैकेट या अन्य कुछ भी नहीं मिला है। बताया गया कि रायसिंहनगर इलाके की ख्यालीवाला पोस्ट के पास शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जवानों को ड्रोन की रोशनी या ड्रोन नहीं दिखा, लेकिन उन्होंने आवाज की दिशा में एक के बाद करीब पंद्रह से ज्यादा राउंड फायर किए।

## पहलवानों ने बैरिकेड तोड़ा पुलिस ने हिरासत में लिया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दरअसल, पहलवान पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर नए संसद भवन की तरफ मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने उन्हें रॉयल प्लाजा गोल चक्कर से पहले ही हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार पहलवान साक्षी मलिक, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया को हिरासत में लिया गया है।

उनके साथ कई और पहलवान भी हैं। वहीं, हिरासत में लिए गए पहलवानों को अलग-अलग पुलिस स्टेशन में ले जाया गया। उनके साथ काफी संख्या में समर्थक भी हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस ने पहलवान जिस जगह पर प्रदर्शन कर रहे थे, उस जगह को अब खाली करा रही है। जंतर मंतर से बड़े-बड़े कूलर, खाने-पीने के सामान, टेंट का सामान, गद्दे-फोल्डिंग, पलंग सभी को पुलिस की तरफ से हटाया गया है। पहलवानों के टेंट तंबू को पुलिस ने पूरी तरह से हटा दिया है।

वहीं दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के समर्थन में रविवार को आयोजित होने वाली महिला सम्मान महापंचायत में शामिल होने के लिए दिल्ली यूपी के गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत व उनके साथ आये समर्थक को बॉर्डर पर ही पुलिस ने रोक दिया।

## संसद भवन के उद्घाटन पर राजद के ट्वीट पर बवाल



एजेंसी

**नई दिल्ली** : नए संसद भवन के उद्घाटन के मुद्दे पर राजनीति का पारा गरम रहा। इसे लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने ट्विटर पर विवादास्पद फोटो पोस्ट किया। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने एक ताबूत की तस्वीर के साथ नए संसद भवन की तुलना करते हुए लिखा कि ये क्या है ? बता दें कि राजद का यह ट्वीट ऐसे समय आया है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के नए भवन का उद्घाटन किया। संसद के नए भवन के उद्घाटन पर राजनीति भी खूब हुई। कांग्रेस समेत 20 विपक्षी पार्टियों ने संसद के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार किया। राजद भी बहिष्कार करने वाली पार्टियों में शामिल है। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राजद के इस ट्वीट पर पलटवार करते हुए लिखा कि आज एक ऐतिहासिक पल है और देश गौरवान्वित है। आप नजरबट्टू हैं और कुछ नहीं। छाती पीटते रहिए। 2024 में देश की जनता आपको इसी ताबूत में बंद करके गाड़ देगी और नए लोकतंत्र के मंदिर में आप को आने का मौका भी नहीं देगी। चलिए यह भी तय हुआ कि संसद देश की और ताबूत आपका। बिहार भाजपा के नेता और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा कि आज भले ही सभी दलों के लोगों ने संसद के नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार किया हो लेकिन कल सदन की कार्यवाही तो वहीं चलने वाली है। क्या राष्ट्रीय जनता दल ने यह तय कर लिया है कि वे नए संसद भवन का स्थायी रूप से बहिष्कार करेंगे? क्या वे लोकसभा की सदस्या से इस्तीफा देंगे? ताबूत का चित्र दिखाना इससे ज्यादा अपमानजनक कुछ नहीं है। सुशील मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने संसद के नए भवन की तुलना ताबूत से की है, ऐसे लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज होना चाहिए।भाजपा नेता दुष्यंत गौतम ने राजद के ट्वीट पर कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। आज वह संसद की नई इमारत की तुलना ताबूत से कर रहे हैं क्या उन्होंने पुरानी इमारत की तुलना जीरो से की थी? क्या हम पहले जीरो में बैठ रहे थे।

विवाद बढ़ने पर राजद ने सफाई दी। राजद नेता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र को दफन कर दिया गया है, इसलिए हमारे ट्वीट में ताबूत प्रतीकात्मक तौर पर दिखाया गया है। देश इसे स्वीकार नहीं करेगा। संसद, लोकतंत्र का मंदिर होती है और ऐसी जगह होती है, जहां चर्चाएं होती हैं।

## देश में आज नफरत का माहौल बना हुआ है : इमरान प्रतापगढ़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में कर्बला मैदान बोकारो में भारत जोड़ो सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस आयोजन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज देश में नफरत का माहौल बना हुआ है। उस नफरत के माहौल को खत्म करने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक पैदल चलकर नफरत के माहौल को मोहब्बत के माहौल में बदलने का प्रयास किया है। लगभग 4 हजार किलोमीटर पैदल चलकर भारत जोड़ो यात्रा विभिन्न प्रदेशों से गुजरते हुए जम्मू कश्मीर पहुंची। इस दौरान राहुल गांधी युवाओं छात्रों महिलाओं बुजुर्गो एवम हर समुदाय के लोगों से मिले। लोगों के अंदर डर का माहौल था। युवा बेरोजगारी से बदहाल नजर आए हाथों में सर्टिफिकेट लेकर रोजगार की बात करते रहे। छात्र अपनी शिक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब से भाजपा की केंद्र में सरकार बनी है देश बुरे दौर से गुजर रहा है। देश की मूलभूत समस्या को हमारे नेता राहुल गांधी सदन में उठाया। विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भारत की विचारधारा यही है कि भाईचारे व अमन के साथ हम रहें, गंगा जमुनी तहजीब को राज्य के कोने कोने तक लोगों तक पंहुचाये। चेयरमैन मंजूर अंसारी ने स्वागत भाषण में सबसे पहले इमरान प्रतापगढी का स्वागत किया।

### * बोकारो में हुआ भारत जोड़ो सम्मेलन का आयोजन



### कार्यक्रम में इनकी रही मुख्य उपस्थिति

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर विधायक दल के नेता सह मंत्री जनाब आलमगीर आलम, मंत्री बनना गुप्ता,बदल पत्रलेख ,अल्पसंख्यक विभाग झारखंड के प्रभारी उमैर खान, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी, अनवार अहमद अंसारी,इरफान अंसारी, चंद्रशेखर दुबे,ममता देवी प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर एम तौसीफ ,सोशल मीडिया के कोडिनेटर गजेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मणिपुर सरकार ने कुकी उपद्रवियों को घोषित किया उग्रवादी

**इंफाल** : मणिपुर सरकार ने लगातार हिंसा से बाज न आने वाले कुकी उपद्रवियों को उग्रवादी घोषित कर दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मणिपुर में आम नागरिकों पर कुकी उग्रवादियों के हमलों की कड़ी निंदा की है।मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह रविवार को इंफाल में राज्य सचिवालय में पत्रकारों वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मणिपुर में नए सिरे से हुई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री सिंह ने कुकी उपद्रवियों को उग्रवादी करार करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि, वह बार-बार कुकी समुदाय से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। इसके बाद भी वे नागरिकों पर हमला करना जारी रखे हैं।

# शिकारियों ने तरहसी जंगल में हिरण को मारी गोली, मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के सरइडीह जंगल के झरना छठ घाट पर शनिवार की देर शाम एक हिरण का शिकार करने के लिए उसे गोली मार दी गई. हिरण के पिछले भाग में दो गोली मारी गई। गोली लगते ही हिरण तड़पने लगा। इस बीच चरवाहे महेश भुइयां की नजर उस पर पड़ी। उसने वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश यादव के साथ मिलकर हिरण को शिकारियों से बचाया और घर ले आए. बाद में इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।सूचना के अलोक में वन विभाग के कर्मियों ने हिरण का रेस्क्यू किया. हिरण का इलाज शुरू कराया. हालांकि करीब एक घंटे बाद हिरण की मौत हो गई. रविवार की सुबह हिरण के शव का पोस्टमार्टम मनातू में किया गया। वन विभाग के कर्मी



मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं. शिकारियों की तलाश की जा रही है। मनातू वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राकेश पांडेय ने जानकारी दी कि वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश यादव की सूचना पर मौके पर पहुंचे और जख्मी हिरण का रेस्क्यू किया. हालांकि उसे बचाया नहीं जा सका. प्रभारी वनपाल ने बताया कि हिरण के पिछले हिस्से में दो गोली लगने के निशान मिले हैं. हिरण नर था. उसकी उम्र लगभग 3 वर्ष के आस पास होगी. मनातू में उसका पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया गया है. रेस्क्यू में उनके साथ उनके साथ वनपाल जयप्रकाश रंजन, वनरक्षी अभय कुमार एवं चालक देवशरण महतो भी थे।बता दें कि तरहसी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है. जंगल में स्थित पानी के तमाम स्त्रोत सूख गए हैं. ऐसे में पानी की तलाश में हिरण समेत अन्य जंगली जानवर आबादी वाले इलाके में स्थित जलस्त्रोतो पर पहुंच रहे हैं. इस दौरान उनका शिकार करने की कोशिश की जा रही है।

# पंडवा में लगा मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय पंडवा सभागार में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज सह विजलेंस जज अमरेश कुमार, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, पीएलभी माया कुमारी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ स्वीटी सिन्हा ने किया । मौके पर जिला जज सह विजलेंस जज अमरेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कोई व्यक्ति अपराध कर बच नहीं सकता चाहे वह गरीब हो या अमीर। कहा कि भारत में संविधान के तहत बहुत सारे नियम कानून है इसके तहत लोग अपराध कर बच नहीं सकते ।कहा कि लोगों को अपने हक व अधिकार के लिए सजग रहना पड़ेगा। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार कटिबद्ध है। इस शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में छह सखी मंडल के बीच पंद्रह लाख रुपए का वितरण किया गया। बाबासाहेब अंबेडकर आवास योजना के तहत तीन लाभुकों को स्वीकृति पत्र दी गई। 12 लोगों को मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की स्वीकृति। आठ रैयतों को दाखिल खारिज स्वीकृति के पश्चात शुद्धि पत्र दिया गया।

## फांसी लगाकर 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना क्षेत्र के इमली गांव निवासी 18 वर्ष चंपा कुमारी ने रविवार की सुबह में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं प्राप्त हो पाया है।मृतक के परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।मृतक के चाचा अनिल मोची ने बताया कि मृतक के पिता हैदराबाद मजदूरी का करने गए हैं घर में मां एवं भाई के साथ मृतक रहा करती थी। रविवार की सुबह में मां रिश्तेदार में नेवता मनने गई थी एवं नाबालिक भाई गांव में खेलने निकला था भाई जब वापस आकर देखा तो दरवाजा बंद था बाद में उसने आवाज देकर आसपास लोगों को बुलाया आसपास के लोगों के सहयोग से दरवाजा खोल कर अंदर देखा तो लड़की का शव फंदे से झूल रहा था।बाद में उपस्थित लोगों ने इसकी जानकारी मृतक के मां एवं पाटन थाना पुलिस को दी। सूचना पाते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के खेन्द्रकला मदवा गांव निवासी 45 वर्षीय महेंद्र यादव ने शनिवार के शाम मे जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया है। शहर थाना पुलिस की उपस्थिति में रविवार के दिन में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के रिश्तेदार लालमोहन यादव ने बताया कि शनिवार के शाम करीब पांच बजे भैंस चरा कर घर लौटे एकाएक तबीयत खराब होने लगी पूछने पर उन्होंने किसी जहरीला पदार्थ खाने की बात बताइए बाद में उन्हें गंभीर स्थिति में मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां इलाज के क्रम में करीब 7:00 बजे उनकी मौत हो गई। मृतक के तीन बच्चे हैं। परिजनों ने पुलिस के समक्ष जहरीला पदार्थ खाने की कोई स्पष्ट कारण नहीं पता पाए।

## भगवान परशुराम मंदिर निर्माण में रूद्र राकेश धीरज ने की सहयोग की घोषणा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रोड रेड़मा मेदिनीनगर में राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना द्वारा कराए जा रहे भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण में पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रूद्र शुक्ला द्वारा मंदिर परिसर को सुसज्जित करने हेतु संपूर्ण लाइट लगाने की घोषणा की गई वहीं डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश तिवारी द्वारा तीन हजार स्क्वायर फीट में टाइल्स देने की घोषणा की गई। इसके साथ ही पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा मंदिर परिसर में 21 सीलिंग फैन लगाने का घोषणा किया गया। परशुराम सेना भार्गव के झारखंड प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम भक्तों द्वारा प्रतिदिन स्वेच्छा से बढ़ चढ़कर मंदिर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा करने के साथ ही मंदिर निर्माण में लगने वाले सामग्री का दान किया जा रहा है। इनके द्वारा किए गए सराहनीय सहयोग के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट करती है एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

# मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन को मिला 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर

## क्षेत्र की समस्याओं पर रहती है नजर : कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र को विद्युतापूर्ति करने वाले मोहम्नदगंज विद्युत सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर खराब होने पर ग्रामीणों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को सूचना दी। कमलेश कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दिन में मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन में 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया है। मोहमदगंज विद्युत सब स्टेशन को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने पर बिस्सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से मोहम्मदगंज क्षेत्र के लोग इस गर्मी में काफी परेशानी महसूस कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि



विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में बिजली के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदल दिया जाता है। उन्हे उम्मीद भी नहीं थी की मेन पावर ट्रांसफार्मर भी इतना जल्दी उपलब्ध हो पाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह के पास सब मुमकिन है। सड़क, सिंचाई शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में जितने काम किए जा रहे हैं, उतना कम 2009 के बाद कभी नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद किया है।

# आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** तलैया बभंडी में आपसी विवाद को लेकर 2 पक्षों में हुई मारपीट,दोनो पक्षों के 18 लोगो के खिलाफ चैनपुर थाना में दर्ज हुआ मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र के तलैया बभंडी में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई इस संदर्भ में दोनो पक्षों ने लिखित आवेदन देकर चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया है। मामले को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि एक पक्ष के चंद्रावती देवी के लिखित आवेदन के आधार पर विशाल पासवान, निखिल पासवान, रितेश पासवान, सुजीत पासवान, झरी पासवान, दुर्धन पासवान, चंदन पासवान, विवेक पासवान, बिट्टू पासवान, करण पासवान, अनुज पासवान और सचिन पासवान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जबकि दूसरी




और से विशाल राम के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर मनोज राम, दिनेश राम, छोटू राम, दीपा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, चंद्रावती देवी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया है कि सभी कुल 18 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है संगध धरायो में मामला दर्ज करते हुवे जांच का जिमा सब इंस्पेक्टर नीरज सेठ को दिया गया है जांच के बाद अग्रतर करवाई की जाएगी।

## श्री चंडी महायज्ञ को ले सेमरी गांव से निकली विशाल जलयात्रा



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में हो रहे श्री चंडी महायज्ञ को ले रविवार को विशाल जलयात्रा-पगयात्रा के रूप में निकाली गई। जिसमें सेमरी सहित आस-पास के दर्जनों गांवों के बच्चे, युवक, कन्याए व वृद्धों की टोली शामिल हुए। जल यात्रा को निकली ग्राम वासियों के द्वारा यज्ञ परिसर में ग्राम देवी सहित आराध्य देव की पूजा अर्चना के साथ गांव का भ्रमण करते हुए गांव की ऐतिहासिक शिव पोखर स्थित सती दाई स्थल पहुंची। जहां कलश में जल भरने को लेकर सुखी पोखर में गहरी खुदाई कर पानी की व्यवस्था की गई है। यज्ञाचार्य श्री श्री 108 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज सहित यज्ञ में पूजन कार्यक्रम संपन्न कराने पहुंचे आचार्यो व जलयात्रा में शामिल लोगो शिव पोखर किनारे अवस्थित ग्राम देवता आदि की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना, भगवान के भजन व जयकारों से माहौल भक्तिमय बना था। सभी लक्ष्मी नारायण नारायण नारायण ........ आदि का उच्चारण कर रहे थे। वहीं वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश में जल ग्रहण कराया गया। जलयात्रा में शामिल सैकड़ों महिला-पूरूष की टोली माथे पर कलश लिए भक्ति मय माहौल के यज्ञशाला परिसर में पहुंचे। जहां पूजन आदि कार्यक्रम संपन्न कराते हुए कलश स्थापित की गई। श्री श्री 1008 श्री स्वामी उदय नारायण आचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के तत्वाधान में संपन्न हो रहे पांच दिवसीय श्री चंडी महायज्ञ ज्ञको लेकर रविवार को जल यात्रा निकाली गई व यज्ञशाला परिसर में कलश स्थापित करने के साथ शुरू की गई। सोमवार को यज्ञशाला परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजन पाठ के साथ अग्नि मंथन करते हुए पांच दिवसीय यज्ञ प्रारंभ होगी। जिसका समापन 2 जून को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ संपन्न होगा। विदित हो कि यज्ञ का आयोजन गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में मां देवी व भैरव जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर की गई है। 1 जून को ग्राम देवी मंदिर में प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

# विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड के परिसर मे आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्धघाटन नौडीहा बाजार जीप सदस्य सुदामा पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार भुईयां ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर जन कल्याण योजना से सम्बन्धित विस्तृत रूप मे चर्चा किया गया । शिविर के माध्यम से दिव्यांग, विधवा महिलाये, अनु सूचित जाति / जन जाति एवम वरिष्ठ नागरिक के लिए कल्याण के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। कई लंबित मामले की इस शिविर मे निष्पादन भी किया गया, और लंबित मामले के बारे कानूनी सलाह भी दी गई। इस शिविर मे बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, प्रभारी पंचायती राज पदधिकारी श्री बिनोद कुमार राम,उप निरीक्षक जगत नारायण राम,विधिक सेवा के नियुक्त प्रतिनिधि सहित अन्य कर्मी के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# भाकपा जिला परिषद की बैठक रविवार को सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की बैठक रविवार को भाकपा के कार्यकारी जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला के आवास पर जिला परिषद सदस्य श्री राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 31 मई को भाकपा कार्यकर्ताओ की जीवी बैठक प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित करने का निर्णय लिया गया.बैठक को राज्य परिषद के सचिव महेन्द्र पाठक सम्बोधित करेंगे। बैठक को सफल बनाने के लिये रविवार से ही शाखाओं की बैठक प्रारम्भ करने तथा कार्यकर्ताओं को जीवी बैठक में शामिल होने के लिये जानकारी देने का निर्णय लिया गया साथ ही केन्द्र की भाजपा सरकार की नाकामियों को गांव गांव में बैठक कर व पर्चा वितरण कर पहुंचाने के लिये जनसम्पर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, रामनाथ उरांव, जिला सचिव राजकुमार राम, खलील खां, अंचल सचिव गोपाल यादव, विद्या पासवान उपस्थित थे।

# समाजसेवी ने कराई चापाकल की मरम्मती, लोगों ने जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** नगर पंचायत अंतर्गत धोबी मुहल्ला में महीनों से चापाकल खराब पड़ी थी। जिससे इस भीषण गर्मी में पानी को लेकर आसपास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय को सूचना देने के बाद भी चापाकल को ठीक नहीं किया गया। जिसके बाद मुहल्ले के लोगों ने समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन को इसकी जानकारी दी। जिसके उपरांत समाजसेवी राजीव रंजन ने चापाकल की मरम्मत कराई। इस दौरान लोगों ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में समाजसेवी राजीव रंजन के द्वारा कई चापाकल बनाकर यहां के लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी मुहैया कराने का कार्य किया गया है। वहीं चापाकल की मरम्मती के लिए नंदू रजक, सूर्यदेव विश्वकर्मा, मंजय प्रजापति, हरि ठाकुर, हर्ष राज, संजय ठाकुर, हिमांशु कुमार, विकास कुमार सहित दर्जनों लोगों ने समाजसेवी के प्रति आभार जताया है।

## चैनपुर बीडीओ और सीओ ने जनता दरबार लगाकर कई समस्याओं का किया निराकरण

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ और सीओ ने किया जनता दरबार का आयोजन। चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज और अंचल अधिकारी संजय कुमार बखला ने संयुक्त रूप से चैनपुर प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जहां पर आए हुए जनताओं का समस्या सुना गया और उस पर समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिवर मिंज ने बताया कि राज्य सरकार लोगो के सहूलियत के लिए जनता दरबार लगाने का निर्देश दिए है इसके लेकर जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगो को त्वरित समस्या का समाधान मिल सके। इस संदर्भ में चैनपुर बीडीओ गिरिवर मिंज ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले थाना एवं ओपी में भूमि विवाद से संबंधित मामले को सुलझाने हेतु जनता दरबार का आयोजन करें। उन्होंने भूमि विवाद से संबंधित मामलों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं अत्यंत संवेदनशील की श्रेणी में चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कही। बताया की यदि अंचलान्तर्गत एक से अधिक थाना या ओपी अवस्थित होने की स्थिति में मुख्य थाना में अंचलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर एवं अन्य थाना व ओपी में राजस्व अधिकारी या कर्मचारी को प्रतिनियुक्त कर जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निपटारा करें।इस जनता दरबार में अधिकांश लोग मुख्य रूप से पेंशन, आवास, स्वास्थ्य तथा जमीन सीमांकन संबंधित समस्याओं को लेकर आए थे।

# मंदिर में आने से लोगों के मन में मिलती है शांति : डॉ. शशि भूषण मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मंदिर में आने से लोगों के मन में शांति मिलती है ।मंदिर से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। सनातन धर्म में मंदिर की आवश्यकता है। राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को पूजा अर्चना करने का मौका मिलेगा। उक्त बातें पांकी विधानसभा के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा। वह रविवार को स्थानीय पांकी रोड भवानी नगर राधा कृष्ण मंदिर निर्माण परिसर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण भगवान का मंदिर इस क्षेत्र में नहीं रहने की वजह से लोगों को पूजा करने के लिए दूर जाना पड़ता था। लेकिन इस मंदिर के निर्माण होने से दूर जाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति को धन्यवाद दिया कि इस पुनीत कार्य में उन्हें आमंत्रण किया गया। मौके पर




राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने मंदिर के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडे ने किया ।अतिथियों को मंदिर समिति के सचिव परशुराम सोनी ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक डॉक्टर मेहता ने कार्य का शुभारंभ निर्माण सामग्री को सांकेतिक तौर पर खुदे हुए नींव में डालकर किया। अपने भाषण में डॉ मेहता ने कहा कि उनकी दिली इच्छा है कि मंदिर का निर्माण जल्द से जल्द हो। इस कारण सहयोग हेतु उन्होंने मंदिर निर्माण में 51000 का दान दिया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मनोज प्रजापति, बच्चन ठाकुर, राकेश वर्मा, मुकेश पांडे, नागेंद्र भारती, धनंजय जयसवाल, शंभू जयसवाल, रामप्रवेश सिंह, राहुल गुप्ता, अवधेश सिंह, शिव कुमार गुप्ता, सोनू सिंह, राधेश्याम जयसवाल सहित काफी संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में जीपीडीपी अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम , 20सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे एवं उपप्रमुख गणेश प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने जन योजना अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं का समेकन करने के लिए पंचायतों के सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया. प्रशिक्षण सत्र में सभी विभागीय पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता, लेखा लिपिक सह कंप्युटर ऑपरेटर एवं वीपीआरपी फैसिलेटर सहित ग्राम पंचायत कुंबा खुर्द बिलासपुर हलिवंता कला, कोलझिकि, पिपरडीह, हुलहुला खुर्द मुखिया को जीपीडीपी के अंतर्गत केन्द्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का समेकन हेतू प्रारूप के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया.साथ ही अनाबद मद की राशि थीम से 50 प्रतिशत योजनाओं को चयन करने की जानकारी भी दिया गया. 9 थीम में कम से कम एक और अधिक से अधिक 2 थीम लेना अनिवार्य है तभी प्लान ई ग्राम स्वराज पर प्रविष्टि किया जायेगा. कार्यशाला में प्रशिक्षक सह पंचायत राज स्वशासन परिषद के प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार द्वारा जीपीडीपी के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया. कार्यशाला में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, पीएचडी विभाग के कनीय ,अभियंता भरत प्रसाद,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार पंचायत सचिव बीरेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, नंद कुमार मेहता, मुखिया सुशीला देवी, उषा देवी, सविता देवी, सुनीता देवी एवं विवेक कुमार सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जलाशय बचाओ पदयात्रा चार जून को होगी

**रांची :** सामाजिक कार्यकर्ता अमृतेश पाठक ने कहा कि रांची में तीन ऐसे जलाशय है, जिनकी स्थिति पहले से खराब है और समय के साथ अब और भी खराब हो रहा है। उनमें कांके डैम, बड़ा तालाब और हरमू नदी की दूर्दशा देखकर तो धरती और प्रकृति भी भीतर ही भीतर सिसकती होगी। इसके मद्देनजर जलाशय बचाओ पदयात्रा चार जून को सुबह 8 बजे से कांके डैम के सरोवर नगर तट से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकार को अपनी नीति और नीयत तथा जनता को अपनी प्राथमिकता पुनः परिभाषित करनी है। इसी संकल्प के निमित्त कि रांची के इन तीन जलाशयों को हमें मिलजुलकर बचाना है।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया

**रांची।** प्रणामी परिवार के सदस्यों के सौजन्य से महाराजा छत्रसाल के 375 वें जन्मदिवस के सुअवसर पर 88 वॉ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1500 से अधिक श्रद्धालुओ ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था की विधा देवी अग्रवाल के सौजन्य से पड रही प्रचंड गर्मी को देखकर 1500 बोतल जलजीरा शर्बत का वितरण किया गया।संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था हैं। 88 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के महाप्रसाद की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप से श्री कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ,ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी,पवन पोद्दार विशाल जालान,शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु महेश वर्मा महिला समिती की विधा देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

# नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों नहीं होने से आक्रोशित लोग सड़क पर उतरे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शहीद अल्बर्ट एक्का चौक रांची में सुबह 9 बजे भाकपा, माकपा, भाकपा माले, मासस, प्रगतिशील लेखक संघ, आदिवासी संघ, एसटी एससी मोर्चा, पत्रकार संघ, अखिल भारतीय महिला समाज, श्रमिक संगठनों सहित कई संगठनों के सैकड़ों लोगों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन के विरोध में देश के महामहिम राष्ट्रपति के सम्मान में संविधान सम्मत कार्रवाई के लिए तानाशाह प्रधानमंत्री के विरोध में काला बिल्ला लगाकर हाथों में तख्तियां लेकर काला दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, अजय कुमार सिंह, माकपा , भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भट्ट , सामाजिक कार्यकर्ता बलराम, प्रलेश रनेंद्र , प्रभाकर तिर्की ,दयामणि बरला, रवि भूषण, रवि कुमार, इम्तियाज खान, धर्मवीर सिंह, इसहाक अंसारी, फरजाना फारुकी, इप्टा से पंकज मित्र, भुवनेश्वर केवट ,एसके राय, आनंदिता, सच्चिदानंद मिश्रा, जनार्दन प्रसाद ,किरण कुमारी, सुरेंद्र कुमार दीक्षित, नीरज कुमार सिंह, सज्जाद अंसारी, कृष्ण कुमार वर्मा, हसीब अंसारी, फिरोज अंसारी, राजेंद्र रविदास, एके रसीदी ,शुभेंदु सेन शहाबुद्दीन अंसारी, संजय पासवान, पुष्कर महतो,वीर बहादुर , श्रीनिवास, हेमंत सहित कई सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि देश में एक नया काला अध्याय जुड़ गया, क्योंकि देश में नए संसद भवन के उद्घाटन के कार्यक्रम में महामहिम देश के आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू को नहीं आमंत्रित कर अपनी तानाशाही का परिचय देते हुए प्रधानमंत्री ने संविधान की धज्जियां उड़ाई , संवैधानिक तौर पर संसद भवन राष्ट्रपति के अनुमति से खुलता है।

उनके अभिभाषण से ही संसद सत्र की शुरुआत होता है।उन्हीं की अनुमति से संसद के कार्य चलता है ,संसद के अंदर जो भी बिल पास होते हैं, वह भी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से ही कानून का रूप लेता है और देश में लागू होता है। ऐसे मौके पर राष्टपति को उद्घाटन मैं नहीं बुलाकर स्वयं उद्घाटन करने के लिए तैयार प्रधानमंत्री ने संविधान की धज्जियां उड़ाई , इसके विरोध में देश की 19 राजनीतिक पार्टियां 253 सांसदों ने उद्घाटन का बहिष्कार किया। उसी की आलोक में रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर तमाम लोगों ने काला बिल्ला लगाकर हाथों में तख्तियां लेकर संविधान की रक्षा के लिए आज काला दिवस मनाया। हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजेंद्र रविदास के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर लोगों संविधान के पाठ पढ़ाया गया।

रणेंद्र ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की दुनिया में सबसे बड़ा सेकुलर सभी धर्मों के लेकर सभी वर्ग के लोगों को एक सूत्र में बांधकर सभी को समान अधिकार देकर चलने वाला संविधान आज खतरे में है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि देश के राष्ट्रपति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के लोकतंत्र और संविधान के बचाने के लिए हम तमाम संगठनों के लोगों ने 28 मई को काला दिन मनाया है ।

# संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा रांची के 56 उपकेन्द्रों पर हुई सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा (प्रा) परीक्षा, 2023 झारखण्ड के एक मात्र केन्द्र रांची के 56 उपकेन्द्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में (प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2:30 बजे अपराह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक) सम्पन्न हुई। रांची केन्द्र पर कुल 26054 परीक्षार्थियों में से कुल 14409 परीक्षार्थी प्रथम पाली में एवं कुल 14,304 परीक्षार्थी द्वितीय पाली में उपस्थित हुए। परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारी, एक-एक सहायक पर्यवेक्षक, एक-एक दण्डाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रोनिक उपकरण ले जाना वर्जित था। इसे सुनिश्चित करने हेतु महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों द्वारा क्रमशः महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की जाँच करने के बाद ही परीक्षार्थी परीक्षा उपकेन्द्र में प्रवेश कर पाये। उनके निजी सामानों को रखने का उचित प्रबंध किया गया था। परीक्षा के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन हेतु आयोग ने तीन वरीय पदाधिकारियों अबुबक्कर सिद्दीख पी भाप्रसे, प्रशांत कुमार, भाप्रसे एवं जितेन्द्र कुमार सिंह, भाप्रसे को प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया था। इनके अतिरिक्त आयोग द्वारा दो निरीक्षी पदाधिकारी नीरज कुमार, उप सचिव एवं डीकेमीणा, अवर सचिव की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु एतदर्थ समन्वयी पर्यवेक्षक के रूप में नामित अमिताभ कौशल, भाप्रसे, सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा अतिरिक्त सतर्कता बरतने हेतु परीक्षा के आयोजन हेतु प्रतिनियुक्त केन्द्राधीक्षकों, स्थानीय निरीक्षी पदाधिकारियों, सहायक समन्वयी पर्यवेक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ 22.05.2023 एवं 26.05.2023 को बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था।

# रांची में बाइक और मोबाइल लूटकांड के तीन आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अनगड़ा थाना पुलिस ने बाइक और मोबाइल लूटकांड मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें मोहम्मद कैफ उर्फ टेना, अरसलान अंजर और अक्षय सिंह शामिल हैं।

इनके पास से लूटी गई पल्सर बाइक, रेडमी कंपनी का मोबाइल, घटना में प्रयोग किया गया बाइक और चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 16 मई को साजन पोद्दार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि अनगड़ा थाना के चमघाटी में तीन अपराधी उनके बाइक का दूसरे बाइक से ओवरटेक कर चाकू मारकर बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गए।

# रांची समाहरणालय में 30 निम्नवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति का आदेश जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने लंबे समय से मैन पावर की कमी से जूझ रहे रांची समाहरणालय में 30 निम्नवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, झारखंड कर्मचारी आयोग के निर्देश पर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 के राज्यस्तरीय मेधा सूची के आधार पर समाहरणालय में 30 निम्नवर्गीय लिपिक की सीधी नियुक्ति की जायेगी। नियुक्ति के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाण पत्रों की जांच छह जून को होगी।जानकारी के अनुसार, लिपिक संवर्ग की परीक्षा जेएसएससी ने साल 2017 में ली थी। छह साल बीत गये



लेकिन आज तक इसका रिजल्ट नहीं जारी किया गया। सरकार के पास यह मामला लंबित है। जिला समाहरणालय में तृतीय, चतुर्थवर्गीय कर्मियों के अलावा राजस्व उप-निरीक्षक, अमीन, स्टेनो के पद हैं। इनके नियंत्री व नियोजन पदाधिकारी उपायुक्त (डीसी) होते हैं। इस संवर्ग के कर्मियों की तैनाती समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय, सभी प्रखंड और अंचल कार्यालय में होती है। समाहरणालय के अलावा 22 अंचल, 18 प्रखंड और 02 अनुमंडल कार्यालय हैं। यहां कर्मचारी के 332 पद स्वीकृत है, लेकिन 260 कर्मचारी पूरे रांची जिले में कार्यरत हैं। रांची जिला समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में 114 स्वीकृत पद हैं लेकिन सिर्फ 81 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। कार्यालयों में 33 पद अभी भी रिक्त पड़े हैं। कुल 22 अंचलों में 157 स्वीकृत पद हैं लेकिन 101 पदों पर ही कर्मचारी कार्यरत हैं। अंचलों में 56 पद खाली हैं। अंचलों में अमीन के 25 पद स्वीकृत हैं लेकिन केवल 14 अमीन ही कार्यरत हैं। शेष 11 पद खाली पड़े हैं। अंचलों में 14 पद कानूनगो क्षेत्र खाली हैं।

# न्यू संजीवन औषधालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नाड़ी विशेषज्ञ डा. अनिल कुमार मिश्रा के न्यू संजीवन औषधालय का उद्घाटन शांतिदेवी ने किया। औषधालय श्रद्धानंद रोड, आर्य समाज मंदिर के सामने मधुकर रिजेंसी में अब चलाया गया। पहले श्रीराम कांप्लेक्स में था। इस अवसर पर अविनाश कुमार, अनुभव कुमार, सुजीत कुमार पाठक, स्मिता कुमारी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू सहित गई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड में बदलते मौसम ने कराया गर्मी का एहसास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने से एक बार फिर गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अब तक आसमान में बादल छाए हुए थे। इसके छंटने से गर्मी फिर तेज हो गई। रविवार सुबह से ही धूप छांव के बीच तीखी धूप ने गर्मी का एहसास करना शुरू कर दिया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 30 और 31 मई को हल्के बादल छा सकते हैं लेकिन एक जून से गर्मी बढ़ेगी। तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में अगले चार दिनों के दौरान भीषण गर्मी से लोगों को दो चार होना पड़ेगा। बारिश के आंकड़े बताते हैं कि बोकारो थर्मल में 52.4 मिमी बारिश हुई। हवा की रफ्तार 64.7 किमी प्रति घंटा रही। अन्य शहरों में बारिश की स्थिति की बात करें धनबाद में 38.4, जामताड़ा में 27.4, चंद्रपुरा में 22, हजारीबाग में 21.5, रांची के मांडर में 20.4 और गुमला में 10 मिलीमीटर बारिश का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिला सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सबसे कम पाकुड़ का 33.8 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया।

# झील बचाओ अभियान समिति ने जन जागरण अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झील बचाओ अभियान समिति के संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा के के नेतृत्व में रांची झील को बचाने के लिए रांची झील के मुख्य घाट पर निगम प्रशासन को नींद से जगाने के लिए ढोल बजाकर जन जागरण अभियान चलाया गया। जन जागरण अभियान के दौरान समिति के द्वारा ढोल एवं घडीघण्ट बजाकर निगम प्रशासन से रांची झील को बचाने की गुहार लगाई गई। मिश्रा ने कहा कि रांची झील में सेवा सदन के समीप गंदे नाले के पानी का रांची झील में प्रवेश होने के कारण पानी दूषित हो गया है एवं बदबू देने लगा है जिससे मच्छर फैल गए है एवं महामारी का खतरा फैल गया है। मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार एवं नगर निगम प्रशासन अभिलंब रांची झील की साफ सफाई हेतु उचित कार्यवाही करे एवं राँची झील को बचाने के लिए उचित कदम उठाए। राज्य सरकार एवं निगम प्रशासन के द्वारा अभिलंब रांची झील में नाले के गंदे पानी के प्रवेश पे रोक लगाकर साफ सफाई हेतु उचित करवाई कराई जाए। जन जागरण अभियान में उपेन्द्र रजक, अशोक पुरोहित, कैलाश केसरी, मुजीब कुरैशी , सत्य प्रकाश मिश्रा, बसंत दास, गोपाल पारीक, दीपू गाड़ी, रमेश केडिया , लंकेश सिंह , इंदर सिंह , राहुल सिन्हा, अनिल तिवारी, मो परवेज, कैलाश पारीक , लाल विक्रम शहदेव , मो मजहर , महेंद्र जैसवाल , राजू पोद्दार , मो रॉकी , पप्पू भैया , प्रवीण छोटू , प्रेम चंद्र प्रसाद , भोला साहू , अभिषेक तिवारी , दीपक, कैलाश सहानी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लिया ।

# ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम झारखंड के अध्यक्ष व महासचिव ने डीएसपी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला और प्रदेश महासचिव सतेंद्र प्रसाद सिंह ने हटिया पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा से मुलाकात कर उनसे उनके क्षेत्र के अधिवक्ता के लिए विशेष सुरक्षा के प्रबंध की मांग की। साथ ही उनके क्षेत्र में नवनिर्मित उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के लिए विशेष सुरक्षा एवं सहयोग की मांग की। इस अवसर पर दीपेश कुमार निराला ने कहा कि राज्य में अधिवक्ता की सुरक्षा का विशेष प्रबंध हो और सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करें । पुलिस उपाधीक्षक ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## रघुवर दास ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

**रांची:** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने रविवार को भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित देश को इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र के मंदिर देने के लिए आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर गर्व करेगी। उन्होंने कहा कि किसी सरकार और आम व्यक्तित्व से इतने कम समय में इतना भव्य और दिव्य ऐतिहासिक निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर की जयंती पर देश को यह भेंट मिल रही है।

# रांची में मानसून से पहले नालियों की नहीं हुई सफाई तो शहर होगा बदहाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मौसम विभाग के अनुसार 15 जून के बाद मानसून दस्तक देने वाला है। इसमें महज 20 दिन रह गये हैं लेकिन रांची नगर निगम ने शहर के बड़े-छोटे तमाम नालों की सफाई का कार्य अभी पूरा नहीं किया है। व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो पहली बरसात में ही शहर की सूरत बिगड़ जायेगी।




शहर में अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया गया है। यह नाला चारों ओर से पैक है। ड्रेनेज सिस्टम कहीं सड़क से ऊंचा है, तो कहीं नीचा। इस कारण भी जल जमाव की समस्या पैदा होती है। लोगों का कहना है कि जब तक पैक नाले का स्लैब हटाकर व बंद नाले को कटर से काट कर इसकी पूरी सफाई नहीं की जायेगी तब तक सुधार होने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसे बारिश से पूर्व नहीं किया गया तो भारी परेशानी होगी। भारी बारिश से गली मुहल्लों को जलमग्न होने से कोई बचा नहीं पायेगा। इस संबंध में रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि आने वाले मानसून के लिए नगर निगम गंभीर है। इसकी तैयारी की जा रही है। नगर निगम शहर को चार जोन में बांट कर इसे व्यवस्थित करने में लगा हुआ है। समय रहते इसे बेहतर कर लिया जायेगा। नगर निगम में संबंधित शाखा व अधिकारियों व सुपरवाइजरों को इसकी कमान सौंपी गई है। उन नगर आयुक्त बड़े-छोटे तमाम नालियों की सफाई के कार्य का निगरानी कर रहे हैं। इसलिए बरसात से पूर्व शहर को व्यवस्थित कर लिया जायेगा।

# संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति को आमंत्रण क्यों नहीं : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में स्थानीय बिरसा चौक पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा के समक्ष रविवार को नव निर्मित संसद भवन के उदघाटन समारोह में राष्टपती को आमंत्रित नहीं किये जाने के विरोध में धरना दिया गया। धरने का नेतृत्व स्वयं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया। इस धरना कार्यक्रम में झारखंड कॉग्रेस नेता विधायक दल सह ग्रामीण एवं संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर पूर्व विधायक ममता देवी उपस्थित हुई द्य धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की संसद लोकतंत्र का मंदिर है और महामहिम संसद का प्रथम अंग हैं उन्होंने कहा कि नए संसद भवन के शिलान्यास समारोह में, तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को समारोह से दूर रखा गया। आदिवासी कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जोसाय मारडी ने कहा की आज पूरा देश का आदिवासी एवं दलित समाज मर्माहत है, भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सर्वोच्च संवैधानिक




पद पर बैठी प्रथम आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है, संविधान के अनुच्छेद 79 के प्रावधानों को अनदेखा किया है। इस बात को लेकर हम आदिवासी कॉग्रेस के लोग झारखंड के एक आदिवासी गांव एक एक पंचायतों में जाएंगे लोगों बताने का काम करेंगे। धरना कार्यक्रम को कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायिका ममता देवी , मोर्चा संगठन विभाग प्रभारी रविंद्र सिंह, प्रदेश प्रदेश अनुशासन समिति सदस्य शमशेर आलम , महासचिव विनय सिन्हा दीपू,अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसिफ , प्रदेश सचिव कमल ठाकुर, अमरेंद्र सिंह, सोशल मीडिया संयोजक गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ कॉग्रेस नेत्री रमा खलखो, ओ बी सी विभाग के अध्यक्ष अभिलाष साहू, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष केदार पासवान , जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, रवि मिश्रा ने भी संबोधित किया ।

# रांची में दुष्कर्म पीड़ित बच्ची का बयान दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बाल कल्याण समिति रांची की टीम ने रविवार को बीते दिनों दुष्कर्म की शिकार हुई सात वर्षीय नाबालिग बच्ची का बयान दर्ज किया। बयान में बच्ची ने अपने साथ घटी घटनाओं की जानकारी दी। बच्ची का अभी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। बाल कल्याण समिति की टीम ने अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया। समिति के चेयरमैन अजय शाह ने बताया कि आमतौर पर बयान के लिए पीड़ित को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया



जाता है लेकिन बच्ची इलाजरत है, इसलिए अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की हालत में सुधार आ रहा है। उसे समिति की ओर से हर संभव सहायता देने की कोशिश की जा रही है।उल्लेखनीय है कि नाबालिग के साथ उसके एक रिश्तेदार ने ही दुष्कर्म किया था। इस मामले में ठाकुरगांव थाना में आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## चुरी मध्य पंचायत में सामूहिक बैठक कर खलारी प्रभावित विकास मंच डकरा का गठन किया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : चुरी मध्य पंचायत स्थित उड़िया धौड़ा, चदरा धौड़ा व लंबा धौड़ा के ग्रामीणों की सामूहिक बैठक शीला देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा मंडल संयोजक रामसूरत यादव एवं युवा नेता प्रताप यादव उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए गांव की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए खलारी प्रभावित विकास मंच डकरा का गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक कहा गया कि उक्त सभी गांवों के ग्रामीणों को डकरा कोल डंप से दुर आज तक अलग रखा गया है। कहा गया कि डंप संचालन में लगे लोगों ने रोजगार देने की बात पर ग्रामीणों से आधार कार्ड और पासपोर्ट फोटो मांगा गया था। लेकिन आज तक ग्रामीणों को ठगा गया है। यहां के ग्रामीण बेरोजगारी झेल रहे हैं। साथ ही कहा गया कि डकरा खदान के बगल में यह सभी गांव स्थित है जहां पर पानी की समस्या, प्रदूषण की समस्या तथा खदान में होने वाली हैवी ब्लास्टिंग की समस्या से ग्रामीण त्रस्त है। बैठक में ग्रामीणों की ओर से एक स्वर में कहा गया कि हमे अपनी मांगों को लेकर एकजुट होने की अवश्यकता है। बैठक में कहा गया कि प्रभावित गांव चदरा दौड़ा, लंबा धौड़ा, बरटोला, नया धौड़ा, शिवपुरी, ठाकुर धौड़ा, केडी, प्रगति नगर, चाणक धौड़ा, महावीर नगर तथा लाला धौड़ा के ग्रामीणों एक साथ एक मंच पर आकर अपने हक की लड़ाई को आगे बढ़ाए। कहा कि खलारी प्रभावित विकास मंच डकरा का जल्द ही पुर्ण गठन कर डकरा डंप से जुड़े ग्रामीणों के हक को दिलाने के लिए आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप राजकुमारी देवी, कुसुम देवी, मिनी भगत, सुकांति देवी, मंगरी देवी, लिलुआ देवी, प्रतिमा देवी, ज्योति देवी, अनिता सिंह, सुनीता कुमारी, रविता, सुकू देवी, तारा देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, दीपा देवी, शर्मिला देवी, कुंती देवी, शांति देवी, सुगनी देवी, विमला देवी, बासु देवी, मैनु देवी, शिवम टी देवी, रीता देवी, दुर्गा देवी, पुष्पा देवी, दीपा देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, कोयल देवी, देवकी देवी, संजय गंझू, बिजली गंझू, मोहन गंझू, अजय गंझू, टिंकू करमाली, सुजीत चौहान, अरविंद भैया, संजीत कुमार, प्रवीण कुमार, आकाश कुमार, छोटू कुमार, संजय सिंह, बबलू सिंह, अजीत ठाकुर, मंतोष दुबे, रोशन सोनी सहित काफी संख्या में महिला पुरूश उपस्थित थे।

## बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सिल्ली मुरी आस पास क्षेत्र में करीब एक माह से बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान दिख रहे हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सुबह से देर शाम तक प्रतिदिन घंटो बिजली गुल रहती है। इसके कारण आमजनों की परेशानी काफी बढ़ गई है। गर्मी में सभी स्कूल बंद है। निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा बच्चों का सिलेबस पूरा करने के लिए ऑनलाइन क्लास शुरू किया गया है। स्कूली बच्चे घर में रहकर मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से क्लास कर रहे हैं। लेकिन बिजली कट होने की समस्या से बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। मोबाइल व लैपटॉप चार्ज नहीं हो पाता है। इसके कारण बच्चों का क्लास बाधित हो रहा है। मोबाइल चार्ज करने के लिए रेलवे स्टेशन का सहारा लेना पड़ रहा है। विद्युत उपभोक्ता सिल्ली व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि। दिनभर में लगातार दो-तीन घंटा बिजली गुल हो जाती है। मोबाइल व लैपटॉप चार्ज नहीं हो पाता है। इसके कारण क्लास बाधित हो रहा है। साथ ही उमस भरी गर्मी में काफी परेशानी हो रही है। विभागीय अधिकारी को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पहले की अपेक्षा विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार लाया गया है। करीब एक माह से ग्रिड में तकनीकि खराबी आ जाने के कारण बिजली कट होने की समस्या उत्पन्न हुई है ।उपभोक्ताओं की परेशानी को बहुत जल्द दूर किया जाएगा।

## जीवन बीमा जागरूकता बढ़ाने के लिए बीमा उद्योग एक साथ आया

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मिजोरम में बीमा उद्योग बढ़ाने के लिए भारतीय बीमा उद्योग सामूहिक रूप से एक साथ आया है। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस और इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं, जो भारत के निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के जीवन बीमाकर्ताओं और सामान्य बीमाकर्ताओं द्वारा समर्थित है।आईआरडीएआई के नेतृत्व में, विभिन्न जीवन और सामान्य बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों की एक समिति राज्य में जीवन बीमा के बारे में जागरूकता और प्रसार बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। पहल की प्रगति और आगे की राह पर चर्चा करने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, श्री लालरामसांगा सेलो, मिजोरम सरकार के सचिव, श्री गौतम कुमार, उप महाप्रबंधक, आईआरडीएआई के मार्गदर्शन में मिजोरम में एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए, लीड लाइफ इंश्योरर, श्री गिरीश कालरा, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य विपणन अधिकारी ने कहा, ऊहमने अन्य जीवन बीमाकर्ताओं के साथ वित्त वर्ष 24 के लिए अपने प्रयासों को और आगे बढ़ाया है और ग्रामीण स्तर के उद्यमी प्रशिक्षण, बिमारथ परिचय, एमएसएमई संघों के साथ गठजोड़ आदि सहित कई पहलों के माध्यम से मिजोरम में अपनी पहुंच को गहरा करेंगे।

## रजरप्पा में 30 मई को होगा दामोदर महोत्सव का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : रजरप्पा मंदिर परिसर के समीप दामोदर नदी के तट पर आगामी 30 मई को युगांतर भारती, दामोदर बचाओ अभियान, नेचर फाउंडेशन एवं दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से गंगा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया है इस अवसर पर देवनद दामोदर महोत्सव एवं गंगा आरती का भी आयोजन किया गया है। उपरोक्त बातों की जानकारी दामोदर बचाओ आंदोलन के संयोजक पंचम चौधरी ने चितरपुर प्रखंड अन्तर्गत रविवार को रौशन लाईन होटल के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विस्तार पूर्वक दी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दामोदर महोत्सव के 20 वर्षो तक समिति के द्वारा इस आयोजन को लगातार किया जा रहा है इसी के तहत 2023 वर्ष को आभार प्रदर्शन दिवस के तौर भव्य तरीक़े से किया जायेगा। दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता पूर्व मंत्री सरयु राय की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन होंगे। इस महाआरती में वाराणसी से आये आचार्यों की अगुवाई में की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय प्रभाकर, प्रकाश कसेरा एवं मनोज कुमार झा मुख्य रूप से शामिल थे।

## ग्रामीणों व समाजसेवियों के बीच हुई बैठक

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बड़काचुम्बा करमाली टोला में जन समस्या को लेकर एक बैठक आहूत की गई। जिसमें मुख्य रुप से जिला पार्षद सदस्य दयामंती देवी के प्रतिनिधि सह जदयू के जिलाध्यक्ष श्री ज्योतिंद्र प्रसाद साहू मुख्य रूप से शामिल थे। उन्होंने बारी-बारी से सभी ग्रामीणों का समस्याओं को सुना। ग्रामीणों का मुख्य समस्याओं में से इस भयंकर गर्मी में पीने के पानी की किल्लत को रखा। ग्रामीण महिलाओं ने कहा हम सभी को इस तपती गर्मी में पानी की बहुत समस्या है और हम महिलाओं को दूर जाकर पानी लाना पड़ता है बहुत सारे चापनल खराब पड़े हैं कई महीनों से बंद है ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने पीएचडी विभाग के अधिकारियों से बात कर खराब पड़े चापाकल को तुरंत मरम्मत करने को कहा है एवं चांदनी चौक और महुआटांड़ में नया चापनल का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया है। बैठक में जतरु महतो, निरंजन महतो, नंदलाल महतो, पुरंजय मिश्रा,संतोष भटेले, राजकुमार मांझी, मंटू करमाली, शेखर करमाली, प्रेमचंद्र रविदास, कासो देवी, तारा देवी, विपत्ति देवी, रंजू देवी, सरिता देवी, छोटू भुइया, रोहित रजक, संजू करमाली, संगम करमाली आदि उपस्थित थे।

# सिङबोंगा की स्तुति से बढ़ता है भक्ति, श्रद्धा, प्रेम व भाईचारा : धर्मगुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : तोरपा के खजूरदाग मनमनी में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का 10वां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई. केंदुआ मुंडा, जयपाल मुंडा व टेपइ कच्छप की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है. उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिङबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है.

इस अवसर पर सरना धर्म सोतोः समिति के सचिव बिरसा कंडीर ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है. वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे. आज हम उसी धर्म-संस्कृति व जल-जंगल-जमीन की संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं. अतः सरना कोड के लिए महापुरुषों से संकल्प लेकर डटकर संघर्ष करना चाहिए. इस कार्यक्रम में लुथडू मुंडा, बिरसा तोपनो, जेम्स सोय, अविनाशहेंबरोम, सोमा हेंबरोम, कोलय ओड़ेया, बंटी ओड़ेया, एतवा मुंडा, रोहित तानी, मंगरा मुंडा, सुषमा मुंडा आदि ने विचार व्यक्त किए. इसमें तोरपा, तपकारा, कमडारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, गुमला, रांची इत्यादि जगहों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.।

## विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : 20 दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को विधायक प्रतिनिधि के सहयोग से नया ट्रंसफॉर्मर लगाया गया। बताना चाहते है कि खलारी प्रखंड के राय पंचायत में लगभग 20 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ था। राय के ग्रामीण विधुत विभाग के अधिकारी व पदाधिकारियों को सूचना देकर परेशान हो गए थे। परंतु अधिकारी ग्रामीणों की बात को अनसुना कर दिया गया। तभी खराब पड़े ट्रंसफॉर्मर की खबर खलारी विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह को मिला तो विधायक समरीलाल को यह सूचना दिया गया। सूचना के तुरंत अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन फिता काटकर विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, भाजपा नेता राजू गुप्ता, रितेश केसरी ,गणेश कुमार महतो , आदित्य नायक, पडरा महतो, संतोष ठाकुर, तुलसी भूईया, नरेश प्रजापति, रंजीत महतो, राजेश महतो, फुलेश्वर महतो, मन्नू महतो एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एथलेटिक्स व फुटबॉल समर कैम्प का उद्‍घाटन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी** : 4 नम्बर मैदान बचरा मे गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के द्वारा आयोजित एथलेटिक्स एवं फुटबॉल समर कैम्प का उदघाटन किया गया। समर कैम्प का उदघाटन एटेक एरिया सेक्रेटरी माननीय मुद्रिका प्रसाद के द्वारा फीता काट कर एवं खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया गया।





समर कैंप में विशिष्ट अतिथि के रूप मे केन्द्रीय उपाध्यक्ष विस्थापित मोर्चा के इकवाल हुसैन , सी सी एल सेफ्टी बोर्ड मेम्बर माननीय एस के चौधारी , कोलफील्ड्स मजदूर युनियन के एरिया सेक्रेटरी भीम सिंह यादव, झारखंड पब्लिक स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान,व्यवसाय संघ के सचिव रविन्द्र सिंह, खलारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के महामंत्री रीतिश केसरी, खलारी भाजपा मंत्री राजू गुप्ता, सुनिल साव उपस्थित थे। गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने बताया कि इस समर कैम्प का 28.मई से 04 जून तक लगातार प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 7 बजे तक 4 नम्बर मैदान बचरा मे किया जाएगा।

समर कैम्प उदघाटन समारोह मे गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के सीबीएसई राष्ट्रीय फुटबॉल बालिका खिलाड़ी सुलेखा कुमारी,बी सी सी आई अंडर 15 महिला झारखंड क्रिकेट टीम मे चयन होने वाली क्लब के काजल कुमरी, खेलो झारखंड एथलेटिक्स एवं झारखंड स्टेट एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता मे मेडल जीतने वाली वर्षा कुमारी को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा मेडल पहानकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## बंदी की पूर्व संध्या पर मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा 29 मई को घोषित बन्दी को लेकर रविवार की शाम में डकरा में मशाल जुलूस निकाला गया।मोर्चा के सदस्य अंबेडकर पार्क डकरा में एकत्र हुए उसके बाद मशाल जलाकर सभी लोग जुलूस की शक्ल में डकरा गुरुद्वारा चौक तक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहुँचे।मोर्चा नेताओं ने कहा कि मोर्चा ने प्रबंधन के रैयत विस्थापितो के समस्या एव प्रबंधन के रवैये के खिलाफ 29 मई को एनके एरिया बंदी करेगा।मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया में रैयत विस्थापित बन्दी को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।ऐतिहासिक बन्दी होगा।एनके एरिया के सभी रैयत विस्थापितो में काफी आक्रोश व्याप्त है।प्रबंधन अपनी नीति और रवैये में बदलाव नहीं किया तो कोई भी रैयत अपनी जमीन नही देगा और खदान विस्तारीकरण के लिए सीसीएल प्रबंधन को काफी परेशानी होगी।मोर्चा ने बन्दी में सभी मजदूरों, विस्थापितो एव श्रमिक संगठनों से सहयोग करने की अपील की गई।प्रबंधन ने रैयत विस्थापितो के साथ छल करने का काम किया है इसलिए रैयत विस्थापितो में प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।इस



मौके पर रंथू उरांव, जगरनाथ महतो,जालिम सिंह,विनय खलखो,राम लखन गंझू,नरेश गंझू, प्रकाश महतो,सुनील सिंह, अनिल पासवान, सोनू पांडेय, शिवनारायण लोहरा ,रामधारी गंझू,दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू,राजेन्द्र उरांव, धनराज भोगता, कन्हाई पासी,सोमरा गंझू, कुलदीप प्रसाद,मनोज गंझू,मधु गंझू, जितवाहन गंझू,नुन्दन गंझू, हेमलाल गंझू,दिलेश्वर यादव, भुनेश्वर गंझू,शिवनाथ भोगता, सुनील यादव,भोला यादव, रूबी यादव,रवि भोगता, अरुण यादव, कामेश्वर गंझू, प्रेम साव, गोविंद उरांव, विजय गंझू,छोटन भोगता, फूलो देवी, रुक्मिणी देवी,अमर,करन, विजय भुइयां सहित अन्य मौजूद थे।

## श्योर सक्सेस,मुरहू के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन बरकरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : झारखंड अधिविध परिषद, रांची के द्वारा आयोजित मैट्रिक के परीक्षा में श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू का प्रदर्शन इस वर्ष भी सराहनीय रहा। संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित कर सभी टॉपर छात्र छात्राओं को ट्रॉफी एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टाप 5 में अपनी जगह बनाई। सभी छात्र सुदुर ग्रामीण इलाकों से आते हैं जिनमे संस्थान की छात्रा रूबी कुमारी एवं आयशा खातून ने 408(81.60%) अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से कोचिंग टॉपर किया। साथ ही अनम खान(76.20%)आकांक्षा कुमारी(76.00%) क्रिस्टीना हुन्नी पूर्ति (72.80%)एवं सूरज



कुमार(71.80%) ने बेहतर प्रदर्शन कर टॉप फाइव ने अपनी जगह बनाई।

संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा अपने बेहतर प्रदर्शन को बरकरार रखें साथ ही अपने प्रदर्शन से अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन करें । उन्होंने कम अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को कहा अंक किसी के प्रतिभा का मापदंड की कसौटी नहीं है इसलिए अपने अंको से निराश ना होकर आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की ओर अग्रसर रहें ।मौके पर सभी छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षिका रिया एवं पार्वती मौजूद थे।

# रैयत विस्थापित मोर्चा का 29 मई को एनके एरिया में जोरदार बंदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा 29 मई को शांतिपूर्ण तरीके से एनके एरिया बंदी करेगा।इसको लेकर मोर्चा ने पूरी तैयारी कर ली है।इस बंदी एनके एरिया के परियोजना के सभी विस्थापित गांव के रैयत विस्थापित सड़क पर उतरेंगे।एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बंदी को लेकर जानकारी दी।मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि एनके एरिया में रैयत विस्थापित अपनी जमीन देकर आज सभी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।रैयत विस्थापितो को नौकरी मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार सहित गांव में कोई सुविधा प्रबंधन ने उपलब्ध नहीं कराया है।जबकि खदान खोलने के समय प्रबंधन के



द्वारा रैयत विस्थापितो को नौकरी मुआवजा, पुनर्वास एव रोजगार सहित कई बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज स्थिति उल्टी है।प्रबंधन ने रैयत विस्थापितो के साथ छल करने का काम किया है इसलिए रैयत विस्थापितो में प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।प्रेस वार्ता में केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव, नरेश गंझू,विनय खलखो,राम लखन गंझू,प्रकाश महतो आदि मौजूद थे

मोर्चा ने बंदी में सभी श्रमिक संगठनों एव मजदूरों से बन्द को सफल बनाने में सहयोग करने का अपील किया है।मोर्चा ने कहा कि रैयत विस्थापितो को उनका हक अधिकार दिलाने में सभी लोग सहयोग करे।रैयत विस्थापितो को हक़ अधिकार मिलेगा तभी खदान विस्तारीकरण में रैयत विस्थापित भी सहयोग कर सके।

एनके एरिया के असंगठित मजदूरों ने मोर्चा की बंदी का समर्थन किया है।असंगठित मजदूर के नेता अब्दुल्ला अंसारी ने मजदूरों के साथ बैठक कर बन्दी के समर्थन की घोषणा की है।इधर प्रभावित प्रतिरोध मंच चुरी ने भी बंदी का समर्थन करने की घोषणा की है।मंच के नागेश्वर महतो एव सुनील सिंह ने बन्दी को समर्थन देने की घोषणा की है ।

## विकलांग छात्रा को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के महासचिव जगदीश महतो ने बताया कि तुलिन जयसियाराम उच्च विद्यालय के तुलिन गांव में जन्मी नेत्रहीन एवं विकलांग छात्रा शिवानी महतो ने उच्च माध्यमिक परीक्षा 352 अंकों से उत्तीर्ण की है ! उसने लेखक की परीक्षा ली आज वह इन बाधाओं के बावजूद सफल हुए हैं । और उन्हें प्रोत्साहित करने और उनके साथ खड़े होने के लिए उन्हें तृणमूल कांग्रेस द्वारा झालदा 1 ब्लॉक नंबर 1 में तुलिन गांव में उनके घर पर वित्तीय सहायता और स्वागत दिया गया था। उन्होंने कहा कि अगर उनकी उच्च शिक्षा में कोई दिक्कत आती है तो पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी। इस दिन झाल्दा नंबर 1 ब्लॉक अल्पसंख्यक अध्यक्ष अब्बास अंसारी, झालदा ब्लॉक सचिव विनय महतो, तुलिन क्षेत्र के अध्यक्ष राणा राय समेत अन्य ब्लॉक व क्षेत्र के नेता मौजूद रहे।

## बोहंडा के कूदादा में सैकड़ों लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की** : खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र सुदूरवर्ती बोहंड़ा पंचायत के कूदादा गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड समिति के द्वारा संगठन की मजबूती को लेकर एकदिवसीय सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल और प्रखंड अध्यक्ष सोनाराम अहीर की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा और हेमंत सरकार के विकासशील कार्यो से प्रभावित होकर प्राथमिक सदस्यता ली।इस दौरान मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के खुंटी जिला समिति के सदस्य संतोष कुम्हार,रतन मुंडा,काली मुंडा,संतोष बाडींग, संतोष मुंडू,सोमा मुंडा,जठेया पुर्ती,एतवा मुंडा,मजीया मुंडा,लकरी टूटी,मंजीत हेंब्रम,सनिका मुंडू,मंगा सोय,मागो मुंडा,अंकित आइंद आदि उपस्थित थे।

## पाड़हा जतरा की तैयारी को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के चनगनी गांव के दरहा मर्चा में डुरू सकरा सात पाड़हा के तत्वाधान में एक जून को आयोजित वार्षिक पाड़हा जतरा की तैयारी को लेकर पाड़हा समाज की बैठक किया गया। सात पाड़हा राजा जीतू उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। पाड़हा के राजा, दीवान कोटवार गांवों के महतो ,पहान, पुजार सामाजिक अगुवा एवं बुद्धिजीवी लोगों ने बैठक में शामिल हुए और निर्णय लिए की आगामी



एक जून को दरहा मर्चा चनगनी में लगने वाला वार्षिक पड़हा जतरा को वृहद एवम सफल बनाने के लिए 5पड़हा,7 पड़हा, 8पड़हा, 10पड़हा,12 एवम 21पड़हा, 22पड़हा, 24पड़हा के सभी खोड़हा अपने प्रतीक चिन्हों हाथी, घोड़ा, रम्पा चंपा के साथ सामिल होंगे। बैठक में सामाजिक अगुआ जागरे उरांव, 12 पड़हा राजा सोहराय उरांव ,सात पड़हा राजा जीतू उरांव, दीवान जतरू उरांव,सिपाही विकास उरांव, प्रधान पेड़ेया उरांव, सुका उरांव,कोटवार सोमा उरांव, पड़हा अध्यक्ष बिरसा उरांव,राजेंद्र उरांव ,बूदा उरांव, महेश उरांव, विगवा टाना भगत,अमरजीत उरांव,संदीप उरांव, मघु उरांव, बादल उरांव,वीरेंद्र उरांव, सोमरा उरांव, धन्नो उरांव, बिरसा मास्टर,नारायण मास्टर शंकर तिर्की सहित पाड़हा समाज के कई लोग थे।

## चौका के पास डिवाइडर से टकराने से ऑटो चालक घायल, भेजा अस्पताल

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 33 चौका-दुबराजपुर के समीप में एक टैंपो डीवाईडर से जोरदार टकरा गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क के किनारे पड़े थे। सूचना मिलते ही समाजसेवी खगेन महतो तुरंत दुर्घटना स्थल पहुंचकर घायल को उपचार के लिए चांडिल हॉस्पिटल भेजा। टैंपो में कुल चार लोग सफर कर रहे थे, चारो जमशेदपुर से तमाड़ के प्रसिद्द प्राचीनकालीन दिउड़ी मंदिर जा रहे थे। घटना को लेकर बताया जाता हे ऑटो चालक अपने वाहन से अनियंत्रण होने से डिवाइडर से जाकर टकराई।



## मारवाड़ी युवा मंच ने समाज के छात्रों को किया सम्मानित




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच सरायकेला शाखा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान करना बहुत अच्छी पहल है। इससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। मंच के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कहा परोपकार मारवाड़ी लोगों की पहचान है। मनोज चौधरी ने प्रतिभाओं को उत्साहित करते कहा सपने उन्हीं के साकार होते हैं, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इस कार्यक्रम में रेखा सेकसरिया अध्यक्ष मारवाड़ी महिला समिति, राहुल अग्रवाल प्रांतीय संयोजक सहित प्रदीप चौधरी ,प्रेम अग्रवाल, संभू नाथ अग्रवाल, पूनम दीदी ब्रह्म कुमारी संस्थान एवं सीताराम सकसेरिया सहित मारवाड़ी समाज के अन्य सदस्यगण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## लेबर कार्ड व रजिस्ट्रेशन के लिए श्रम विभाग का प्रखंडवार कैंप आज से शुरु

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिकों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर सभी प्रखंडों में श्रम विभाग द्वारा 29 मई से 24 जून तक कैम्प लगाया जाएगा। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने एवं समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगाया जा रहा जिसमें श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन एवं श्रम से संबंधित शिकायतों का निवारण एवं निष्पादन किया जाएगा।

**प्रखण्डवार शिविर की तिथि निम्नवत है :** 29.05.2023-पोटका, 31.05.2023-पटमदा, 03.06.2023-घाटशिला, 05.06.2023-बोड़ाम, 07.06.2023-मुसाबनी, 10.06.2023-धालभूमगढ़, 12.06.2023-डुमरिया, 14.06.2023-चाकुलिया, 17.06.2023-बहरागोड़ा, 19.06.2023-गुड़ाबांदा, 21.06.2023-जमशेदपुर, 24.06.2023-मानगो अंचल.

## खड़े ट्रक से जा टकराया ट्रक, केबिन में फंसा चालक, मशक्कत के बाद निकला बाहर

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा थाना अंतर्गत गिद्दीबेड़ा टॉल प्लाजा के समीप दो ट्रको के बीच हुई सीधी टक्कर में एक ट्रक का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद एक ट्रक का चालक स्टेयरिंग केबिन में फंस गया। जबकि दूसरे ट्रक का चालक बाल बाल बच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस द्वारा क्रेन और जेसीबी की मदद से काफी मशक्कत के बाद फंसे चालक को बाहर निकाल कर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। रविवार की अहले सुबह हुई इस दुर्घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांड्रा-चांडिल मुख्य मार्ग पर गिद्दीबेड़ा टोल के कुछ दूरी पर एक ट्रक कल शाम से ही सड़क के समीप खड़ा हुआ था। इसी दौरान चांडिल से कांड्रा की ओर आ रहे एक ट्रक अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई जिसमें खाली ट्रक का चालक केबिन में फंस गया।



## जल संरक्षण को लेकर नेहरू युवा केंद्र ने बोड़ाम में किया कैच द रैन क्विज का आयोजन




**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केन्द्र, जमशेदपुर की ओर से बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत आंधारझोर गांव में कैच द रैन प्रोग्राम के तहत जल संरक्षण के प्रति लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को बोड़ाम प्रखंड राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक धरनी सिंह ने युवाओं को जल संरक्षण से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए जल संरक्षण करने की अपील की। इस दौरान युवाओं के बीच जल संरक्षण से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम गुणधर रविदास, द्वितीय संजय सिंह व तृतीय स्थान पर रघुनाथ रविदास रहे। प्रतियोगिता में सफल तीनों युवाओं को केंद्र के द्वारा ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बोड़ाम प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धरनी सिंह, बिरसा युवा क्लब के सदस्य राजेश सिंह, राकेश सिंह, जगदीश सिंह, विक्रम रविदास, जगदीश रविदास, जगजीत सिंह, शक्तिपद सिहं व धनंजय सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कांड्रा के कांकी मनीपुर गांव में आयोजित दो दिवसीय भोक्ता पूजा सम्पन्न

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोहिणी पर्व के उपलक्ष्य में गम्हरिया प्रखंड के बुरूडीह पंचायत अंतर्गत कांकी मणिपुर गांव में श्री श्री शिव पूजा कमेटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय भोक्ता पूजनोत्सव रविवार को सम्पन्न हो गया। पूजनोत्सव के अंतिम दिन प्रात काल में भगवान शिव की अराधना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की गई। इससे पूर्व मौके पर बीते शनिवार की रात में छऊ नृत्य समेत कईकार्यक्रमों का आयोजन किया था। इस पूजनोत्सव में गम्हरिया प्रखंड के बुरुडीह, कांकी, रघुनाथपुर, रतनपुर, बैजनाथपुर, गिद्दीबेड़ा, कांड्रा, डुमरा समेत कई पंचायत के श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान भक्तों ने अपनी पीठ पर नुकीली कील लगाकर लकड़ी के ऊंचे खंभे के सहारे लटक कर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इन करतबों देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पूजनोत्सव के सफल आयोजन में कमेटी के कांकि मणिपुर अध्यक्ष मेघनाथ सिंह सरदार, सचिव् जगन्नाथ सिंह सरदार, विश्वनाथ सिंह सरदार. कोषाध्यक्ष निमाय सिंह सरदार, सदस्य गणेश सरदार, सुरेश सिंह सरदार, आदि की रही ।



### खरकई-स्वर्णरेखा नदी की बदहाली पर हुई परिचर्चा, विधायक सरयू ने कहा

# फोरम बनाकर नदी संरक्षण के लिए शुरु होगा अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर की जीवनरेखा खरकई और स्वर्णरेखा के संरक्षण के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की अगुवाई में विभिन्न राजनितिक दलों और समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने परिचर्चा की। बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर परिसर में आयोजित परिचर्चा में जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, आदित्यपुर नगर निगम के अधिकारी, जेएनएसी के द्वारा बहाल कंसल्टेंट उपस्थित हुए। विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर शहर का अस्तित्व स्वर्णरेखा और खरकई दोनों नदियों से है। पिछले कई वर्षों से कई बस्तियां नदियों के आस पास बसी हैं। नदी के पानी में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। धीरे-धीरे नदी का पीने का पानी उपयोग के लायक नहीं रह गया है। उद्योगों की गंदगी सीधे नदियों में प्रवाहित हो रही है। घनी आबादी के बीच से जो नाले निकलते है उसका जल बिना साफ किए सीधे नदियों में जा रहा है। सरयू राय ने बताया की वर्ष 2004 में दामोदर बचाओ अभियान चलाया गया। उस समय पारव प्लांट की छाई सीधे नदी में प्रवाहित की जा रही थी। सरकार और उद्योगों से वार्ता हुई, भारत सरकार से सहयोग लिया गया और पिछले तीन वर्षों में दामोदर को औद्योगिक प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त कर लिया गया। कहा कि नगरीय प्रदूषण से मुक्त करने के लिए भारत सरकार के सौजन्य से नमामी गंगा प्रोजेक्ट के तहत झारखंड में तीन जगह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है. श्री राय ने कहा कि स्वर्णरेखा बचाओ-खरकई बचाओ फोरम बनाकर अभियान चलाना होगा। श्री राय ने ऐलान किया आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जमशेदपुर के आम नागरिकों के साथ सांकेतिक धरना का आयोजन किया जाएगा. इस मौके पर जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, आदित्यपुर के अधिकारियों ने नदियों के संरक्षण और नालों की सफाई के लिए अपनी कार्य योजना की जानकारी साझा की। जेएनएसी के द्वारा बहाल कंसल्टेंट ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की अपनी योजना बताई। कार्यक्रम का संचालन मुकुल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी एके श्रीवास्तव, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, अर्बन डेवलेपमेंट के कंसलटेंट बीपी यादव, जुडको के नैन मोदक, आदित्यपुर नगर निगम के अजक कुमार, मानव केडिया, सत्यनारायण अग्रवाल, मुन्ना सिंह, विनिता साह, शिवपुजन सिंह, आरवीवी सिंह, नीरू सिंह, शीतल खुल्लर, ओम प्रकाश सिंह, रविंद्र नाथ चैबे, दिलीप गोयल, तापस चटर्जी, काजल चौधरी, राम नारायण शर्मा, सुबोध श्रीवास्तव, मनोज सिंह उज्जैन, मंजू सिंह, चंद्रशेखर राव, प्रकाश कोया, अमित शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## थंडर एफसी गोल्डन बेबी लीग में खेलने वाली लड़कियों की पहली टीम बनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग में रविवार को ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब लड़कियों की एक टीम ने टूर्नामेंट के अंडर 13 वर्ग में पहली बार खेला. हालंकि उन्हें 3-2 से हार का सामना करना पड़ा. लेकिन इस पहल ने कई अन्य लड़कियों के लिए दरवाजे खोल दिए. अंडर 13 में पहली बार भाग लेने वाली लड़कियों की टीम थंडर एफसी थी और उन्होंने सुपर स्टार्स के लड़कों के खिलाफ मैच में 2-0 की बढ़त ले ली, लेकिन अंत में अपनी बढ़त को कायम नहीं रख सकी. झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर एफसी 10 महीने तक चलने वाले जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, जहां शहर भर के बच्चों को अंडर 5,7,9, 11 और 13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है. 10 महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट हर रविवार सुबह जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड में आयोजित किया जाता है, ताकि बच्चों के विकास को और बढ़ावा दिया जा सके। रविवार को बेबी लीग के लिए कुल 272 छात्र उपस्थित हुए, संख्या में वृद्धि हुई क्योंकि लीग में रुचि प्रत्येक सप्ताह के साथ बढ़ रही है.

### कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन, जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी ने कहा

# लोकतंत्र पर इनके नैतिक विचार राजतंत्र से मिलते जुलते दिख रहे हैं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में साकची गोलचक्कर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम आक्रोश के साथ कांग्रेसजनों ने किया। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि आज भारत के गरिमा को लगातार एक विशेष दल के द्वारा ताक पर रखा जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए कतई अच्छा संकेत नहीं है। भाजपा सरकार में खासकर प्रधानमंत्री मोदी जी की राह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला नहीं दिख रहा है साथ ही लोकतंत्र पर इनके नैतिक विचार राजतंत्र से मिलते जुलते दिख रहे हैं, जबकि भारत के लाखों लोगों ने कुर्बानी देखकर अंग्रेजों के क्रूर शासन को समाप्त किया और लोकतंत्र की स्थापना की, इस लोकतंत्र में सबसे बड़े मंदिर संसद भवन का निर्माण हुआ। जिसमें भारत के प्रथम नागरिक जो महामहिम राष्ट्रपति जी होते है। उन्हें तिरस्कार भावना के तहत उद्घाटन नही करने दिया गया। जो निंदनीय है। मोदी जी के राज में अक्सर लोकतंत्र का मर्यादा हनन देखने को मिलता है। मोदी जी ने संसद भवन के उद्घाटन समारोह में स्वार्थ को आगे रख कर सम्पूर्ण भारतवर्ष की महिलाओं, माताओं और आदिवासी समाज के प्रति घृणा के सोच को दर्शाया है। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की बेटियां पहलवान खिलाड़ी न्याय की लड़ाई विगत माह से लड़ रही है। आज मोदी सरकार ने हद कर दी, खिलाड़ी बेटियों को पुलिस के माध्यम से घसीट घसीट कर बेइज्जती कर रही है और घायल किया, अब जनता सबक सिखाएगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, बिजय खान प्रदेश महामंत्री, राकेश तिवारी प्रदेश सचिव के के शुक्ला आदि थे।

## नए संसद भवन के लोकार्पण करने पर भाजपा जमशेदपुर ने पीएम मोदी का जताया आभार

### रघुवर ने झारखंड की जनता की तरफ से पीएम मोदी को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आजाद भारत में बना पहला संसद भवन को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को समर्पित कर दिया है। रविवार को पारंपरिक परिधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन किया। नए संसद भवन के लोकार्पण पर भाजपा ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और पीएम नरेंद्र मोदी एवं देश की जनता को बधाई दी। इस मौके भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देश को देने के लिए झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से बधाई दी और जोहार किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर निश्चित रूप से गर्व करेगी। पूर्व सीएम रघुवर दास ने लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण में जुटे हजारों मजदूरों और कर्मचारियों को भी बधाई दी। उन्होंने झारखंड के राम मुर्मू को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए पीएम मोदी के हाथों सम्मान मिलने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने भी नए संसद भवन को एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन पूरे देश के लिए ऐतिहासिक एवं शुभ है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दर्शन होते हैं। वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर प्रवक्ता प्रेम झा ने भी नए संसद भवन के लोकार्पण करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन भारत की गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता के मिलन का बेजोड़ प्रतीक है।

# बिहार स्पंज आयरन के मृतक ठेकाकर्मी के पत्नी को विधायक ने मुआवजा में दिलाया 9.50 लाख रुपये का चेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल के हुमीद स्थित वनराज स्टील (बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड )में विगत 27 अप्रैल को कंपनी में ड्यूटी के दौरान ठेकाकर्मी इलेक्ट्रीशियन लखीराम मार्डी की मौत ह्रदय गति रूकने से हो गई थी। इसके विरोध में ग्रामीणों ने 28 अप्रैल को कंपनी का गेट जाम कर मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा, घर के सदस्य को स्थाई नौकरी, बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने आदि मांग किए थे। त्रिपक्षीय वार्ता में कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतक के आश्रित को साढ़े दस लाख रुपये मुआवजा आदि बात पर सहमति बनी थी। रविवार को कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतक के घर छोटालाखा पहुंच कर विधायक सविता महतो के हांथो मुआवजा के बाकी बचे साढ़े नौ लाख रुपये का चेक मृतक के पत्नी को सौपा। इस दौरान कंपनी प्रबंधन की ओर से बाकि सात लाख रुपये पीएफ व तीन लाख रुपये ईएसआई एवं मृतक के बच्चे को डीएमपीएस स्कूल में पचास प्रतिशत फीस देने व मृतक की पत्नी को ईएसआई की ओर से साढ़े 18 हजार रुपया आजीवन पेंशन प्रत्येक माह जल्द दिलाने कि बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मामा झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, सुखराम हेंब्रोम, अरुण टुडू, कंपनी प्रतिनिधि चंद्र भूषण शर्मा, रोहित कुमार, डी एल कम्पनी के निदेशक रवि कुमार, मनोज तिवारी पंच ग्राम बिस्थापित प्रभावित समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ मांझी, सचिव आसुतोष बेसरा,अरुण टुडू आदि उपस्थित थे।

## प्रगतिशील महिला महासचिव पूनम की गिरफ्तारी का इंडियन फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियंस ने की निंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** इंडियन फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियंस (इफ्टू) की झारखंड कमिटी के अध्यक्ष सह यूसील के मजदूर नेता राम साई सोरेन ने दिल्ली पुलिस द्वारा आज रविवार को जंतर मंतर पर महिला पहलमानों के यौन उत्पीड़न के लेकर चल रही धरना स्थल पर जा रही प्रगतिशील महिला संगठन ( कामरेड) महासचिव पूनम की रास्ते में गिरफ्तारी की घोर निंदा की है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तत्काल दिल्ली पुलिस से रिहा व बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि महिला पहलवानों के साथ जो हुआ है वह कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की श्रेणी में भी आता है। इस कारण से भी सभी ट्रेड यूनियनों को इस उत्पीड़न का विरोध करना चाहिए। इफ्टू केंद्र सरकार से मांग करती है की आरोपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और हिरासत में ली गई सभी महिलाओं को रिहा जाए।

### अवैध बालू परिवहन के खिलाफ प्रशासन सख्त

## ईचागढ़ चौका सड़क बनाया चेक पोस्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के ईचागढ़ चौका सड़क पर गौरांगकोचा में अंचलाधिकारी भोलाशंकर महतो के उपस्थिति में ईचागढ़ पुलिस द्वारा बेरियर लगाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन सख्त नजर आ रहे हैं। अवैध बालू परिवहन के खिलाफ धर पकड़ को तेज करने के लिए बैरियर लगाकर जांच किया जा रहा है। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन व परिवहन को रोकने के उद्देश्य से उपायुक्त व एसपी के निर्देश पर बैरियर लगाया गया। उन्होंने कहा कि अबैध बालू परिवहन के खिलाफ रात को भी बैरियर पर रोककर बालू लदे हाइवा व ट्रैक्टरों का जांच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध बालू परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

# टाटा स्टील फाउंडेशन के मस्ती की पाठशाला ने शुरु किया हरित पहलकदमियों की श्रृंखला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन ने क्रेडिट एग्रीकोल कॉरपोरेट एंड इंवेस्टमेंट बैंक (सीए-सीआईबी) के सहयोग से तीन मस्ती की पाठशाला केंद्रों पिपला, राजनगर और सरजमदा में सौर पैनल स्थापित किए। टीएसएफ और सीए-सीआईबी सहयोग से कई ई-स्कूटरों को मुहैया कराकर फील्ड समन्वयकों को गतिमान होने में सक्षम बनाया गया, जो गांवों में कई कार्यक्रमों की देखरेख करते हैं। हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी ऐसे मोड़ पर हुई है जहां टाटा स्टील फाउंडेशन की शिक्षा टीम कार्बन रेजिलिएंट बनने और दैनिक उपयोग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के लिए सचेत प्रयास कर रही है। सौर पैनल कई छात्रों को लाभान्वित करेंगे जो विशेष रूप से गर्मियों के दौरान बिजली संकट का सामना करते हैं। ये पहल यह भी सुनिश्चित करेगा कि पढ़ने के घंटे प्रभावित न हों और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। ई-स्कूटर टीएसएफ में सिग्नेचर प्रोग्राम एजुकेशन के फील्ड कोऑर्डिनेटर्स के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है, जिन्हें अक्सर उपलब्ध परिवहन की कमी के कारण देरी का सामना करना पड़ता था। इस अवसर पर अपने संबोधन में, टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय ने कुछ सेफ्टी रिमाइंडर साझा करते हुए कहा, यह खुशी का एक बड़ा क्षण है क्योंकि हमने न केवल आवागमन की समस्या का समाधान ढूंढ लिया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह पर्यावरण के अनुकूल हों। हालाँकि, सुरक्षा नियम हम सभी के लिए सबसे पहले आते हैं और अगर कोई ई-स्कूटर चला रहा है तो भी इसका ध्यान रखना ज़रूरी है।

# गर्मी से लोग हलकान, पानी के लिए ग्रामीण परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखण्ड अंतर्गत घासीटोला पंचायत के डोरम गाँव के छतवाबरटोला में करीब 10 घरों में 30 से 40 ग्रामीण रहते है। इतनी आबादी वाले टोला में 15 वर्षों से सिर्फ एक ही कुआँ है। जिसमें एक फीट की पानी पर पुरा छतवाटोलावासी आश्रित हैं। ना तो इस टोला में चापानल है और ना ही जल नल योजना वाले जलमिनार लगे हुए हैं। सुबह से ही इस कुएं पर पानी लेने के लिए महिलाओं की कतार लगी रहती है। पहले आओ पहले पाओ वाला की स्थिति हमेशा बनी रहती है। कुआं में पानी सुख जाने के कारण इस चिलचिलाती धुप में महिलाएं कोशो दूर से पानी लाने को विवश है। ग्रामीण बिफनी देवी, झारो देवी, किस्मतिया देवी, संगीता देवी, गणेशारी देवी, कैली देवी, कुइनी देवी, टिपू देवी, मोनिका कुमारी, अनारकली देवी, तेतर सिंह, भजेंद्र सिंह, संजय सिंह, हरदयाल सिंह, रवींद्र सिंह, नन्हक सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि गर्मी का मौसम आते ही कुआं का पानी पूरी तरीके से सुख जाता हैं, जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। यहां के लगभग गांव में जलमीनार एवं चापानल लगा हुआ है, परंतु हमारा टोला अभी भी इस से वंचित है। यहां के जन प्रतिनिधियों को कई बार इसकी सूचना दिया गया है, लेकिन उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। बस आस्वासन देकर टाल मटोल कर दिया जाता है, हमलोग जाएं तो जाएं कहा। जल्द से जल्द इस गाँव में पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो हमारे सामने मरने की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

## शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के लिये भर्ती कैम्प का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना परिसर में एसआईएस सिक्युरिटी संस्थान द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से एस आई एस सिक्युरिटी संस्थान द्वारा सुरक्षा गार्ड व कैश कस्टोडियन के पद पर कार्य करने के लिये युवकों से आवेदन लिया गया। जिसमें करीब 63 युवकों ने आवेदन जमा किया था। वही आवेदन करने वालों का शारीरिक एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र जाँच करने के उपरांत 22 युवकों का चयन किया गया। भर्ती अधिकारी गौतम कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी चयनित उम्मीदवारों को 30 मई को गढ़वा जिला अन्तर्गत बेल्चम्पा प्रशिक्षण केन्द्र बुलाया गया है। जहाँ पर इन सभी लोगों का एक महीना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ड्रिल,पीटी,परेड,कराटे तथा कंप्यूटर सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत देशभर में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्था पर कार्य के लिये भेजा जाएगा। साथ ही कहा कि 29 मई को सेन्हा थाना परिसर में सुबह 10ः30 बजे से 4ः00 बजे भर्ती कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिसमें फार्म भरने से जो इच्छुक युवक छूट गए हैं। वे आकर अपना आवेदन दे सकते हैं।

## शुभम कुमार ने 12 वीं में पूरे राज्य में प्राप्त किया छठा स्थान



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सिंघानी पंचायत के सिंघानी निवासी शुभम कुमार वर्मा पिता चंद्रहास दांगी ने पूरे राज्य में छठा स्थान प्राप्त किया है। शुभम कुमार को हौसला बढ़ाने और उनके माता-पिता को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने उनके घर प्रखंड के जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, मुखिया राधिका देवी, पंचायत समिति मीना देवी, संजय दांगी सहित अन्य ने पहुंच कर जहां गमछा दिया गया वहीं मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य का कामना सभी ने किया है।

## 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन टावर लगाने का विरोध

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर ग्रिड में सप्लाई हेतु 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन टावर निर्माण कार्य में उत्पन्न गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार दो दिनों तक अधिकारियों और पुलिस के द्वारा समझाने के बावजूद भी रविवार को तीसरे दिन भी ग्रामीणों ने टावर निर्माण कार्य रोक दिया जिससे कार्य शुरु करने आए कर्मी वापस लौट गए।इस संबंध में टावर निर्माण से प्रभावित हो रहे कई जमीन मालिको ने बताया कि हमारे खेती योग्य जमीन पर बिना हमारी अनुमति के ट्रांसमिशन लाइन हेतु टॉवर लगाया जा रहा है, हम सब विकास के बाधक नहीं है लेकिन हमारी मांग है कि हमारी जमीन पर बन रहा 132 केवी लाइन टावर का स्थान परिवर्तित कर अन्यत्र जगह से ले जाया जाए।वही इस संबंध में एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने बताया कि उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि जो व्यक्ति विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे है उन्हे चिन्हित कर कारवाई करे।

# बाईक चोर गिरोह का हुआ पर्दाफास, टंडवा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा थाना अंतर्गत मिश्रोल बाजार से 21 मई को अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा बुकरू गांव निवासी जितेंद्र साहू का स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल चोरी कर लिया गया था। जिस संबंध में भुक्तभोगी के द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिसके पश्चात घटना को गंभीरता से लेते हुए टंडवा पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के द्वारा एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा कांड में शामिल अपराध कर्मियों के विरुद्ध गुप्त सूचना के अनुसार कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ-साथ चोरी में संलिप्त दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में अमित कुमार पिता चेतलाल साव ग्राम वीरवीर एवं मनोज कुमार यादव पिता चिगल यादव ग्राम खरिका टोला जमुनिया टाड थाना टंडवा का रहने वाला है। इस संबंध में पुलिस ने उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार दोनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गठित एसआईटी टीम में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार, रोहित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक चंद्रमौलेश्वर कुमार एवं टंडवा थाना के सशस्त्र बल शामिल हैं।

# एडवांस डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन सीएस चतरा ने किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के बगरा रोड़ हनुमान भंडार गोदाम के करीब एडवांस डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन जिला मुख्य चिकित्सा प्रभारी श्यामनन्दन सिंह ने विधिवत फिता काट कर किया। उद्घाटन के पश्चात चिकित्सा पदाधिकारी श्यामनन्दन सिंह ने उक्त डायग्नोस्टिक सेंटर को फलने फूलने की कामना किया। वहीं इस तरह एडवांस डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटर खुलने से क्षेत्र में मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने की परेशानी से निजात मिलेगी। इधर अल्ट्रासाउंड खुलने से क्षेत्र के लोगों में ख़ुशी है। बता दें कि क्षेत्र के लोग अल्ट्रासाउंड कराने के लिए चतरा, हजारीबाग जाने के लिए मजबूर थे। अब चतरा, हजारीबाग जाने से निजात मिलेगी। वहीं डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक मो नोमान अंसारी और हाजी नज़रुल अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा है कि हमारे सेंटर में आधुनिक कम्प्यूटर मशीन से अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। वहीं मरीजों का ख़ास सुविधा का ख्याल रखा जाएगा साथ हीं अल्ट्रासाउंड का उचित रकम मरीजों से लिया जाएगा। मौके पर शिक्षक सहदेव साहू, सेवा निर्वित शिक्षक गौतम सिंह, सरजू राणा, महेंद्र केशरी, मनोज सिंह, इकबाल अंसारी, वली हकीम अंसारी, मुफीद अंसारी,मो मुमताज, हाजी इजहार,गुड्डू अंसारी के अलावे अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पावरगंज चौक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया तथा टैफिक नियमों का पालन करने वालों को प्रोत्साहित किया गया एवं टैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का वाहन जप्त कर चालान काटा गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक ने लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि मोटरसाइकिल चालको को हेलमेट तथा जुते इत्यादि पहनकर ही मोटरसाइकिल चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य कागजात नहीं होने पर भी ट्रैफिक नियम के तहत चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने वालों पर भी करवाई के भी निर्देश दिए हैं। वहीं बड़ी गाड़िया कार चालकों तथा ट्रक बस इत्यादि चालकों को भी ट्रैफिक नियम से अवगत कराते हुए नियम का पालन करने के सख्त निर्देश दिए।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ स्कूटी चालक, घायल पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में सेन्हा रामनगर पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी सवार अधेड़ हुआ घायल पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित पेट्रोल पंप के समीप हिमालयन बाइक जे एच 07 एल 0854 के चालक मोनू गोप ने स्कूटी संख्या जे एच 01 सी आर 6353 को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी चालक अधेड़ सुले केरकेट्टा को पैर एवं माथा में गम्भीर चोट आई है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच घायल को इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया बताया जाता है। कि बाइक सवार गुमला आदर्श नगर निवासी सुरेंद्र गोप का पुत्र मोनू गोप अपना बाइक से लोहरदगा अपने दोस्त का घर जा रहा था। काफी तेज रफ्तार में होने के कारण बाइक चालक संतुलन खो दिया और पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी सवार सेन्हा निवासी स्वर्गीय सुलेमान केरकेट्टा के अधेड़ पुत्र सुले केरकेटा को टक्कर मरते हुए पेड़ से जा टकराया। घटना में स्कूटी सवार को गम्भीर चोटें आई है। जबकि बाइक सवार मोनू गोप को हल्की चोट आई है। दोनो घायलों को स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के सहयोग से उठा कर सेन्हा अस्पताल में इलाज कराया।

# जलमीनार भी खराब व कुंआ भी सूखा, ग्रामीण परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारियातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साल्वे पंचायत के अलखडीहा, खरिहान टोला का, जलमिनार पिछले एक वर्ष से खराब, व नजदीकी कुएं का पानी भी सुखने से ,ग्रामीण परेशान द्य सोलर जलमीनार खराब होने के कारण खरिहान टोला मे निवास करने वाले लोग दूर जाकर कुएं की पानी उपयोग करने को विवश हैं। इधर गर्मी की दस्तक से परेशान हैं। बढ़ते तापमान के कारण पानी भी सुखने की स्थिति उत्पन्न हो गई है. टोला वासियों के लिए पेयजल सुविधा के साथ दैनिक कार्य सहित घरेलू उपयोग के लिए पेयजल समस्या बढ़ गया है। मौके पर उपस्थित पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर उरांव, शिवप्रसाद उरांव, भीम उरांव, दिलिप उरांव, जिवो देवी, अनिता देवी, जोनी देवी, प्रमिला देवी, गायत्री देवी, सुरेश उरांव, शाहदेव उरांव,बिरु उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल समस्या के संबंध में मौखिक रूप से स्थानीय मुखिया व पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराये हैं परन्तु समस्या का समाधान नहीं कराया गया है. पेयजल समस्या के संबंध में साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत से बात किए जाने पर जलमिनार को जल्द से जल्द मरम्मत करवाने की बात कही। ग्रामीणों ने खराब पड़े सोलर जल मीनार को अविलम्ब दुरुस्त करवाकर पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

## एनएच को ले कुडू में आम जनों को हो रही है परेशानी : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ साहदेव ने राष्ट्रीय उच्च पथ सह राष्ट्रीय उच्च पथ सुरक्षा परिषद भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी से दुरभाष से संपर्क कर कुडू में एन?एच 143 ए में हो रहे निर्माण से आम परेशानियों से अवगत कराया। संवेदक की मनमानी पूर्ण कार्य से आमजन परेशान हैं।विगत छह-सात माह से राष्ट्रीय उच्च पथ के तहत नाली निर्माण कार्य कुडू में हो रहा है।उसका निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में असंतोष एवं आक्रोश भी है। जिसके कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।धूल के आम जन परेशान हैं।छह- सात माह में नाली निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है। सड़क पर बोल्डर डालकर जैसे तैसे छोड़ दिया गया है। अंडरग्राउंड वाटर कनेक्शन कट गया है। नियमित पटवन के अभाव में धूलकण अधिक उड़ता है।रा.उ.पथ सदस्य भारत सरकार ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना।एनएच के कार्यपालक अभियंता से बात करके कुडू की समस्या के समाधान का आश्वासन दिया ,साथ हीं आश्वस्त किया कि जल्द हीं आप सबों के बीच उपस्थित रहूंगा।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया, हुए लाभान्वित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 49 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,एवं उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम एवं वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने डॉ कुमुद अग्रवाल को सेवा भारती की मासिक पुस्तिका देकर अभिवादन किए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर बहुत दूर-दूर से लोग आकर लोग अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा कर स्वास्थ्य हो रहे हैं,हमें इस शिविर में आकर लोगों का इलाज करके काफी संतोष होता है,मानव की जितनी भी सेवा की जाए कम ही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,आज लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए डॉक्टर कुमुद अग्रवाल से परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे।

# मवेशी से लदा तीन पिकअप वैन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया पुलिस ने शनिवार को बगरा चौक से मवेशी लदा तीन पिकअप वैन संख्या( जेएच 13 डी 9529), ( जेएच 13 सी 1559) और ( जेएच 13 एच 65 74) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर में थाना क्षेत्र के लिपदा सुगवा टांड़ निवासी मो आबिद हुसैन है। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर तीन पिकअप वैन में मवेशी लादकर लावालौंग से होकर बगरा की ओर आ रहे हैं। इस दौरान एक टीम गठित कर बगरा चौक पर वाहन चेकिंग लगाया गया जहां चेकिंग के दौरान मवेशी लदा तीनों वाहनों को बरामद कर लिया गया। वही पुलिस को देख कर सात तस्कर भागने में सफल रहे।जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि तस्कर पांकी थाना क्षेत्र के तरहसी गांव से मवेशियों की खरीदारी कर हजारीबाग तस्करी के लिए ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि तस्करी के लिए ले जा रहे वाहन में 26 गाय 2 बछड़ा और 3 मृत मवेशी शामिल हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि जप्त सभी पिकअप वैन चतरा का है। उन्होंने बताया जब्त मवेशियों को फिलहाल ग्रामीणों को रखने के लिए दे दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तस्करो के खिलाफ थाना कांड संख्या 87/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है। तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

# पढ़ाई, दवाई व न्याय आम आदमी की पहुंच से दूर : अमित पांडे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** चटनाही स्थित आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने किया। जिले में विभिन्न समस्याओं सहित 5 जून को आजसू पार्टी के तीन-दिवसीय धरना कि तैयारियों पर चर्चा हुई। मौके पर सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पढ़ाई दवाई और न्याय आम आदमी के पहुंच से दूर ओर मंहगा हो गया है। जिले के सदर अस्पताल में वर्षों से अल्ट्रासाउंड का मशीन खरीदा गया है, पर उसे निजी संस्थानों के दबाव के कारण उस मशीन को चलाने वाला कि नियुक्ति नही हो रही है । जिले कि शिक्षा व्यस्था इतना पैसा खर्च करने के बाद भी लचर है, मैट्रिक इंटर का रिजल्ट में जिला 20वे स्थान पर पहुंच गया है ।न्याय के मामले में आजसू का आंदोलन लगातार चल रहा है। अंचल कार्यालय से त्रस्त लोग रोज आजसू कार्यालय पहुँच रहे है, 6 अप्रैल को एकदिवसीय धरना के माध्यम से दर्जनों आवेदन सौंपा गया लेकिन जिला प्रशासन सोया हुआ है, 5 जून को एक विशाल जनआक्रोश रैली निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न जिलों से आजसू पार्टी के नेता शामिल होंगे और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज बुलंद करेंगे। तीनदिवसीय धरना में लातेहार कि आवाज को बुलंद किया जाएगा और आजसू निर्णायक लड़ाई कि ओर बढ़ेगी मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, जैनुल अहमद, नब्बू भुईयां, नंदकिशोर यादव, ताज मोहम्मद, डोमन यादव, अनुज प्रसाद, युगेश राम, सुनील भुईयां, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जदयू की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग इकाई के कार्य समिति की एक बैठक स्थानीय डीवीसी गेस्ट हाउस में रविवार को संपन्न हुई, जिसमें कोर कमेटी के सदस्य मुन्ना मलिक और कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए .बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा और संचालन मिथिलेश सिंह ने किया.बैठक में मुख्य रूप से गत 20 मई को प्रधान कैफेटेरिया में संपन्न हुई कार्यकर्ता सम्मेलन की समीक्षा की गई और संगठन विस्तार पर विशेष रूप से चर्चा की गई .इस संदर्भ में जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि संगठन को पंचायत स्तर पर खड़ा करने की जरूरत है.बैठक में कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह और प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ने जिला उपाध्यक्ष सह नगर प्रभारी राजकुमार खंडेलवाल और जिला महासचिव प्रेमचंद राम को अनुशासन हीनता के आरोप में पद मुक्त करने का प्रस्ताव दिया । इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने एक स्वर से समर्थन किया और दोनों पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया गया। बैठक में वरिष्ठ सदस्य जफरुल्लाह सिद्दीकी ,प्रदेश अल्पसंख्यक के रोमी सलूजा ,वरिष्ठ नेता राकेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, गुलशन राज ,सुजाता सिंह ,शंकर महतो जिला प्रवक्ता सह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर शामिल थे।

### फुलसराय के आदिवासी युवाओं ने जमीन कब्जा व जबरन निर्माण से बचाने को लेकर सौंपा मांग पत्र

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, आजप जिला रामगढ़ अध्यक्ष हीरालाल बेदिया को फुलसराय के युवा आदिवासी ग्रामीणों द्वारा रविवार को अपने जमीन कब्जा, जबरन निर्माण के रोक लगाने संबंधी मदद गुहार मांग पत्र सौंपकर लगाया हैं। इसमें फुलसराय ग्रामीण संजय कुमार बेदिया ने कहां है कि मेरे पूर्वजों के फुलसराय के खाता संख्या 14 प्लॉट नंबर 925, 935, 1134, 1166, 555, 557 के करीब एक एकड़ 56 डिसमिल जमीन पर गांव फुलसराय के दूसरे पक्ष के साथ न्यायालय हजारीबाग में टाइटल सूट केश चला। बीते 4 अप्रैल 1991 को हम लोगों के पक्ष में न्यायालय ने फैसला सुनाया। लेकिन वर्तमान में जमीन पर दूसरे पक्ष के भगलाल तेली व अन्य लोग जमीन पर कब्जा, तेजी से जबरन निर्माण कर रहे हैं। इसकी सूचना गिद्दी पुलिस व मांडू अंचल को भी दी गई। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। एसडीओ रामगढ़ कार्यालय नोटिस 55/23 धारा 144 भी दिया गया। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इससे परिवार भयभीत हैं। इसे ले आजप संगठन से फुलसराय आदिवासी परिवार ने सहयोग की गुहार लगाई हैं। वहीं आजप संगठन सदस्यों ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई की बात कहीं हैं। मौके पर ग्रामीण योगेंद्र बेदिया, संजय बेदिया, सत्येंद्र बेदिया, विशाल बेदिया, बादल बेदिया आदि उपस्थित थे।

### मंझिला चुम्बा में श्री रामलीला महोत्सव आयोजित



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंझिला चुम्बा पंचायत भवन के समीप में श्री रामलीला महोत्सव श्री रामायण प्रसारक मंडल प्रयागराज उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। चुम्बा जतराहि बागी के पवन धारा पर श्री रामायण प्रशारक मंडल प्रयागराज द्वारा प्रस्तुति रामलीला महोत्सव का यशस्वी किया जा रहा है। बीते दिन 24 मई 2023 से आगामी 30 मई 2000 तक प्रस्तुत किया जाएगा। प्रत्येक दिन कार्यक्रम का समय संध्या 8ः00 बजे से रात्रि 11ः00 बजे तक प्रस्तुति किया जा रहा है। शनिवार को रात्रि में लक्ष्मण परशुराम संवाद, राम सीता विवाह, कन्यादान प्रस्तुत किया गया। आज रविवार को रात्रि में सुपनखा नकच्छेदन, सीता हरण, राम विलाप प्रस्तुत किया जाएगा। जिसका संचालक पंडित बबलूलाल चौरसिया ने किया। जिसमें कलाकार मुनी शशि तिवारी, राम पवन कुमार, लक्ष्मण सूरज, रावण नागेंद्र, हनुमान पंडित दुर्गा प्रसाद, सीता दिव्यांशु, विश्वामित्र बबलू लाल, जोकर नागेंद्र कुमार, केकाई सतानन्द, व्यास यश मिश्रा, ढोलक रामू यादव, डांसर रंजीत चौरसिया उपस्थित है। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# नये संसद भवन का राष्ट्रपति से उद्घाटन क्यों नहीं के सवाल पर वामदलों ने किया विरोध मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के भाकपा-माले, सीपीआई,मासस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में काले झंडा लेकर माले कार्यालय से मेन रोड़ सुभाष चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड व छावनी परिषद् कार्यालय से पुनः सुभाष चौक आकर मार्च को सभा में तब्दील कर दिया गया जिसमें नारे लगाए गए कि बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार करो, नरेंद्र मोदी शर्म करो, नवनिर्मित लोकसभा का उद्घाटन राष्ट्रपति से क्यों नहीं मोदी जवाब दो। संविधान पर हमला बंद करो। इतिहास बदलने की साजिश नहीं चलेगी।सभा का संबोधन भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, सीपीआई के विष्णु कुमार और मासस के आर.डी.मांझी ने संबोधन किया। भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने कहा कि आज देश चौतरफा संकट के दौर से गुजर रहा है। आने वाले 2024 के संसदीय चुनाव में कर्नाटक के चुनाव की तरह भाजपा को साफ करो। इस लड़ाई में वामदल अगली कतार में खड़ी है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव विष्णु कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री ने देश की प्रथम नागरिक एक आदिवासी महिला राष्ट्रपति को संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर नहीं बुलाकर अपमान किया है इसके खिलाफ पूरे देश के 21 राजनीतिक दलों के लोगों ने बहिष्कार किया है इसी रवैए के खिलाफ आज सुभाष चौक पर सभी वामदल विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं,मासस के जिला सचिव आर.डी.मांझी ने कहा कि भाजपा की सरकार व नरेंद्र मोदी ने संविधान को धत्ता बताते हुए मनु स्मृति को थोपने की कोशिश कर रही है जिसके खिलाफ वामदल आज काला दिवस के माध्यम से पुरजोर विरोध की स्वर को मजबूत कर रही है।मार्च में शामिल हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया,लाली बेदिया, सरयू बेदिया, राजेन्द्र गोप, देवानंद गोप, अमल कुमार, जयनंदन गोप, जयवीर हंसदा,नीता बेदिया, धनमति देवी, सुरेंद्र कुमार बेदिया, बृजनारायण मुंडा, लालमोहन मुंडा, राजेंद्र राम, रामबृक्ष बेदिया, चंद्रिका राम, सोहन बेदिया,विजय मुंडा, मनोज कुमार महतो, मनोज मुंडा,राजू मुंडा आन्य लोग शामिल थे।

## प्रखंड स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** भारतीय जनता पार्टी दुलमी मंडल में मंच मोर्चा की बैठक आहूत की गई बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर कई विचार विमर्श किया कर कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दिया गया इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं संचालन मंडल महामंत्री नरेश कुमार इस बैठक की मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सैयद किरमानी इस बैठक में उपस्थित मंडल महामंत्री जनार्दन पांडे ,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रभास महतो ,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष निसार अंसारी एसटी मोर्चा अध्यक्ष द्वारका करमाली, किसान मोर्चा अध्यक्ष श्याम किशोर महतो, एससी मोर्चा महामंत्री जितेंद्र मुंडा ,संजय महतो बालेसर पांडे मंडल अध्यक्ष अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव के लेकर के 13 जून 2023 रामगढ़ विधानसभा में होने वाले वाली लोकसभा चुनाव की तैयारी सैकड़ों की संख्या में भाग लेंगे।

## यूपीएससी में कामयाबी हासिल करने वाले गगन को विधायक ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरकट्ठा :** यूपीएससी परीक्षा में 556वां रैंक लाने वाले बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चलकुसा प्रखंड के अलगडीहा निवासी गगन वर्णवाल को बधाई देने विधायक अमित कुमार यादव ने उनके निवास स्थान पहुंचे। विधायक ने गगन को शॉल देकर सम्मानित किया व बुके देकर बधाई दी और परीक्षा के लिए उनकी तैयारियों व मेहनत पर चर्चा की। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि गगन ने ना सिर्फ चलकुसा प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है, बल्कि वो क्षेत्र के नौजवानों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन गये हैं।

विधायक ने कहा गगन ने स्कूली शिक्षा छोटानागपुर प्लस टू उच्च विद्यालय, बेडोकला से ही प्लस टू की शिक्षा पूरी की है। जिसमें की मैं विद्यालय का अध्यक्ष सचिव हूं और छोटानागपुर प्लस टू उच्च विद्यालय, बेडोकला के लिए गौरव का विषय है की प्लस टू में पढ़ा हुआ बच्चा पहली बार इस क्षेत्र का यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है और एक अलग पहचान दिलाई है। गगन ने मेहनत और पढ़ाई के प्रति ईमानदारी से चलकुसा प्रखंड समेत हमारे विधानसभा क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। आगे विधायक ने कहा कि जब पहले ओर दूसरे अटेम्प्ट में यूपीएससी क्रैक नही होता हैं तो विद्यार्थी को कभी घबराना नही चाहिए। हर बार दोहरी ताकत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिस तरह गगन ने पांचवे अटेम्प्ट में कामयाबी हासिल कर साबित किया।

## ब्राह्मण महासंघ ने किया संकल्पित गीता ज्ञान कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** कोर्रा जबरा रोड में स्थित विवेकानंद प्रा आई टी आई के प्रांगण में हजारीबाग सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ के द्वारा शुरू किया गया गीता ज्ञान कार्यक्रम 11 बजे से 12 बजे तक किया गया। बताते चलें कि गीता ज्ञान कार्यक्रम के संयोजक गजानंद पाठक हैं जिनका प्रयास बच्चों में गीता का उपदेशों को बच्चों तक पहुंचाना है । जिसके लिए हर रविवार 11 बजे से 12 बजे तक गीता के 15 श्लोक पाठ किया जाता है एवं उसका अर्थ विवेचना के साथ बच्चों को बताया जाता है। गीता के अध्याय 1 के श्लोक संख्या 46 से अध्याय 2 के श्लोक संख्या 13 तक पाठ किया गया और इसपर चिंतन एवं मनन किया गया। विद्यार्थीयों ने बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लिया। वर्तमान समय में भी गीता ज्ञान प्रासंगिक है। श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि तुम शरीर नहीं आत्मा हो। इस ज्ञान के अभाव में आज के युवा अधिकारी भ्रष्ट हो जातें है, उन्हे जीवन का लक्ष्य पता नहीं रहता है, इसलिए आई ए एस बनकर भी भ्रष्ट हो जाते हैं। कार्यक्रम संयोजक गजानंद पाठक ने कहा कि रविवार को गीता ज्ञान कार्यक्रम में हर जाति हर वर्ग के बच्चा भाग ले सकते हैं और ले रहे हैं एवं गीता का ज्ञान हासिल कर सकते हैं।

## हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से 10 वर्षीय बच्चे को कराया गया रक्त उपलब्ध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग जो कि पिछले डेढ़ वर्षो से सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है इसी कार्य के बीच रविवार को सोशल मीडिया के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप मे चतरा जिला के सिंदवारी प्रखंड के अर्जुन यादव के सुपुत्र पीयूष कुमार 10 वर्षीय को ब्लड की अत्यंत आवश्यकता की संदेश को फॉरवर्ड किया जा रहा था। इस संदेश पर हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों की नजर पड़ते संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए। संबंधित रक्तदाता उपलब्ध ना होने के उपरांत हजारीबाग यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य सनी देव ने स्वयं रक्तदान कर 10 वर्षीय बच्चे की जान बचाई। रक्तदान के क्रम मे संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,सदस्य विकास तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य सनी देव के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि मानवता के प्रति सदैव सजग और तीव्रता से संस्था कार्य करता है। साथ ही कहा की हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि आप का दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है। आइए करें रक्तदान बचाएं किसी की जान।

# नगर परिषद वार्ड नंबर 11 में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण हुए परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ नगर परिषद वार्ड नंबर 11 दामाद मोहल्ला में पानी का बहुत बड़ा समस्या है मोहल्ले में सिर्फ एक चापाकल हैं जो कई दिनों से खराब पड़ा है करीबन 65 घर है उसमें रहने वाले लोग करीब 500 से ज्यादा पानी लाने के लिए दूरदराज से मैं एक तालाब है तालाब का पानी हम लोग यूज कर रहे हैं इस बारे में वार्ड नंबर 11 पार्षद और डीसी को भी इसकी जानकारी दे चुके हैं अभी तक पानी का समस्या हल नहीं हुआ करीबन 4 साल से लगातार हम लोग इसकी जानकारी वार्ड नगर परिषद डीसी को देते आ रहे हैं अभी तक कोई हल नहीं हुआ जल्द से जल्द पानी का कोई हल नहीं होगा तो हम लोग नगर परिषद में एक दिवसीय धरना मैं बैठेंगे इस मौके पर उपस्थित राहुल गांधी विचार मंच एवं भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हसन अंसारी हैदर खान नौशाद अंसारी हसनैन अंसारी शब्बीर अंसारी मंजूर अंसारी साबिर अंसारी समीर अंसारी मिनहाज अंसारी मोहम्मद कादिर मोमिना खातून हुस्ना बानो अफसाना खातून रेशमा खातून अफसाना परवीन नजीब मजीबुल अफसाना खातून सही दुनियाअफसाना खातून जून निशा तबस्सुम आरा तबस्सुम अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रामनगर में ब्रेक थ्रू संस्था द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव एवं मुख्य अतिथि कौशल किशोर सिंह द्वारा किया गया। समन्वयक राजेश कुमार द्वारा सात दिवसीय कैंप की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत एक देशभक्ति गीत के माध्यम से हुई। इसके पश्चात 4 नाटक प्रस्तुत किए गए। जिसमें सामाजिक समस्याओं को प्रदर्शित किया गया। इन नाटकों का विषय स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था लिंग भेद और स्त्री शिक्षा, दहेज प्रथा एवं शराब सेवन पर कुठाराघात पर केंद्रित था।इसके बाद पांच समूह के प्रतिनिधियों ने इस कैंप के 7 दिनों का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि इस कैंप से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ी है, नए दोस्त बने हैं, स्टेज का डर दूर हुआ हैं और साथ ही मिलकर आगे बढ़ने की सीख मिली है। इसके बाद मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि समर महत्व के हाथों प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आशीर्वचन देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सैद्धांतिक ज्ञान के साथ जरूरी है व्यवहारिक ज्ञान। इस कैंप में बच्चों ने पत्थरों, पेड़-पौधों, अंधविश्वास, जादू-टोना, संगीत, नाटक आदि महत्वपूर्ण विषयों का व्यवहारिक ज्ञान पाया। आज मोबाइल के गलत इस्तेमाल के कारण बच्चे सामाजिक मंच का इस्तेमाल करते हुए भी असामाजिक बन रहे बच्चों को मोबाइल से बचने की सलाह दी और साथ ही अच्छे किताबों को पढ़ने का सुझाव भी दिया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पांडे ने किया। उन्होंने कैंप के आयोजक, शिक्षक एवं प्रतिभागियों को तहेदिल से धन्यवाद दिया और बेहतर भविष्य की कामना की। कार्यक्रम संचालन में हिमांशु, आशीष, शिवशंकर, सानिया, आयुष, पीयूष,रमन, आदर्श, आदित्य एवं फिरदौस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शादी विवाह धार्मिक उत्सव जलसों में दिखावा न करें व फिजूल खर्च से बचें समाज : डा आरसी मेहता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कुशवाहा महासभा के केंद्रीय मुख्य सलाहकार डॉ आरसी मेहता ने एक शादी समारोह के दौरान कहा की शादी विवाह धार्मिक-सामाजिक उत्सव में दिखावा न करें समाज! डीजे सजावट लाइट पटाखे शराब जैसे फिजूलखर्ची से बच्चे । उन्होंने कहा की बाहरी आडंबर हम भारतीयों के पिछड़ेपन का मूल कारण है धनियो एवं सहरीयों का नकल गरीब मध्यवर्ती लोग भी कर्ज लेकर दिखावा के लिए करने लगते हैं शादी में व्रातीयों कि संख्या अधिकतम 50 होनी चाहिए। सभी धर्म के लोग वाहरी आडंबर से बचें आज हिंदुस्तान में मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे इत्यादि के शिलान्यास दिखावे स्वरूप एक गांव के लोग दूसरे गांव से अच्छा करने में लगे हुए हैं आज अनेकों मंदिर बनाए जा रहे हैं मस्जिद बनाए जा रहे हैं जल यात्रा एवं नौ दिवसीय कार्यक्रमो में करोड़ों रुपए फिजूल खर्च कर रहे हैं सामर्थहिन लोग ईश्वर के भय से चंदा देते हैं कहीं-कहीं चंदा देना अनिवार्य कर दिया जाता है जिससे हमारे देश पिछड़ रहा है धर्म ग्रंथों में कहा गया है मन चंगा तो कठौती में गंगा। कन कन में भगवान है अतः बुद्धिजीवियों से निवेदन है कि देश की तरक्की के लिए फिजूलखर्ची से बचते हुए सहयोग करें। इससे दहेज प्रथा अंधविश्वास प्रथा में कमी होगा एवं देश में शांति स्थापित होगी। आज देश में शिक्षा मंदिर एवं स्वास्थ्य मंदिर बनाकर देश को मजबूत करने की जरूरत है।

## पूर्व विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों संग सुनी पीएम की मन की बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 101वां संस्करण का सीधा प्रसारण टीवी के माध्यम से बरही प्रखंड के भाजपा कार्यालय में देखा गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। यहां पहुंचने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी।पूर्व विधायक यादव ने कहा कि मन की बात में पीएम मोदी ने हर नागरिक को साथ लाने का काम किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए देशभर में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। 101 एपिसोड पर पूरा देश एक सूत्र में बंध रहा है। पानी को बर्बाद होने से रोकना होगा। जल संरक्षण से जुड़े स्टार्टअप जरूरी हैं। अमृत सरोवर जनभागीदारी का प्रयास छोटा नहीं होता। हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है।लोकतंत्र हमारी रगों में है। हमारी संस्कृति में सदियों से हमारे कामकाज का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता,भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष नागेश्वर रजक, नन्दकिशोर कुमार,मनोज उपाध्याय, सचिन यादव, मनोज राणा, गगन निषाद, अर्जुन रविदास, दुर्गा प्रसाद, दीपक भगत, सुखदेव राणा, अशोक साव, सुबोध सिंह, सहित सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिहारी बालिका उच्च विद्यालय में हुआ माहवारी स्वच्छता पर विशेष कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** बिहारी बालिका उच्च विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छ्ता दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं को माहवारी स्वच्छ्ता के विषय पर जागरूक करना था। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूपा वर्मा ने इस सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया पर किसी भी तरह का अंधविश्वास अथवा झिझक नही रखने पर जोर दिया। उन्होंने इस विषय पर खुल कर बात करने पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि माहवारी के दौरान स्वच्छ्ता न रखने से महिलाओं में कई तरह की बीमारी और समस्या होने की आशंका बनी रहती है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष आज ही के दिन मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ्ता के महत्व को लोगों तक पहुंचाने के लिए ही अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छ्ता दिवस मनाया जाता है। छात्राओं को बताया गया कि मासिक धर्म का होना कोई अपराध नही है और इस दौरान हीन भावना से ग्रसित होने की भी आवश्यकता नही है। सदियों से समाज मे बैठी हुई भ्रांतियों को मिटाने की जिम्मेदारी आज के युवा पर है ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। माहवारी स्वच्छता से ही कल का भविष्य स्वस्थ और सुरक्षित हो सकता है। गौरतलब है कि गर्मियों की छुट्टी होने के बावजूद विद्यालय के आस पास की वर्ग नवम एवं दशम की छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रधानाध्यापिका रूपा वर्मा ने शिक्षकों एवं छात्राओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। शिक्षक सादिक़ हुसैन ने मंच संचालन किया। शिक्षक जीतेन्द्र कुमार,जया कुमारी,रेणु कुमारी, कुमारी विनीता, सोनी कुमारी, लिपिक मुकेश कुमार, आदेशपाल फूलो देवी,मीना देवी और गायत्री देवी समेत अनेकों छात्राएं इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आजम हॉस्पिटल का उद्घाटन हुआ

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ डॉक्टर आजम हॉस्पिटल रांची रोड का विधिवत उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा आजम हॉस्पिटल आम जनता के कल्याण और आम जनता के सहयोग के लिए किया गया है इस हॉस्पिटल के उद्घाटन से आम गरीब तबका के लोगों को आसानी से चिकित्सा सुविधा मिलेगी और स्वास्थ्य लाभ मिलेगा अस्पताल के संरक्षक सर्जन डॉक्टर रईसुल आजम स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एम फातमा डॉक्टर अजय मिश्रा डॉक्टर देव बाला प्रियदर्शी ऋतुराज सिंह अशोक कुमार सिंह गोपाल चौधरी, साहू बलजीत सिंह बेदी गुड्डू सिंह सुरेन्द्र महतो एजाज इसराइल इंतेखाब आलम दइलरओज खुर्शीद आलम सहित अन्य समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरूबेरा पंचायत के सिरका में जदयू मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरूबेरा पंचायत के सिरका में जदयू मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अध्यक्षता जदयू मांडू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो ने किया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित जदयू मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त कुमार पटेल के उपस्थिती में आजसू पार्टी छोड़ कर मनन खान के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता जदयू पर आस्था व्यक्त करते हुवे सदस्यता ग्रहण किये मौके पर उपस्थित जदयू जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू,प्रदेश महासचिव जगदीश महतो,रमाकांत पटेल,इम्तियाज अंसारी,उमेश साव, बालेश्वर तुरी,भूदेव महतो एवम सदस्यता ग्रहण करने वालो में जगदेव महतो,धनंजय महतो,चितरंजन महतो,उपेंद्र महतो,दिलीप करमाली,जयनाथ करमाली,निर्मल करमाली,नौसाद अंसारी,खुर्शीद अंसारी,महेश भुइया,सोनू भुइया,पंकज कुमार,कोलेस्वर राम,केशव मुंडा,इम्तियाज अंसारी,समसाद खान,मोफिल खान,सागर खान,दानिस खान,कृष्णा भुइया,सहीद अंसारी,विक्की शर्मा,संतोष उरांव, उमेश मुंडा आदि।

## अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को पतरातू-रांची मुख्य मार्ग पर सनोज करमाली ठाकुर गांव निवासी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए । घायल व्यक्ति को राहगीरो ने किसी तरह पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया । जंहा स्वस्थकर्मीयों द्वारा प्राथमिक उपचार किया वहीं घायल व्यक्ति कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था । बार-बार पूछे जाने पर अपना नाम सनोज करमाली पता ठाकुर गांव बताया आगे उन्होंने कहा की वह अपने ससुराल आया था । वहीं उक्त व्यक्ति नशे में प्रतित हो रहा था।

## पालू में मंडा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू के पंचायत पालू में मंडा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता अजय कुमार सिंह ने किया बैठक में सभी ग्रामीणों के सर्वसम्मति से दिनांक 17/06/23 दिन शनिवार को मंडा पूजा एवं 18/06/23 रविवार रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंडा पूजा सफलतापूर्वक मनाने हेतु कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें मंडा पूजा कमेटी अध्यक्ष उज्जवल कुमार सिंह,उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सचिव तीलेश कुमार साव,सह सचिव राजन मुंडा,कोषाध्यक्ष विकी कुमार, सह कोषाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह को बनाया गया। मौके पर राजेंद्र साहू, राजेंद्र गिरी,रामेश्वर महतो,केदार साव,प्रकाश सिंह,रिंकू मिश्रा,विकास यादव,हरिदास साव,आकाश कुमार, राजकुमार मुंडा,ओमप्रकाश साव, सुनील महतो,बबलू यादव के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तीन बालू लदा ट्रेक्टर जब्त

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशपुर अंचलाधिकारी रितेश जायसवाल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान रविवार को रोलाग्राम गांव के पास अवैध परिवहन कर रहे तीन बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया है।इस सम्बंध में अंचलाधिकारी रितेश जयसवाल ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र के रोलाग्राम गांव के पास तीन बालू लदा ट्रैक्टर को रोका गया। जहां ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। इससे यह प्रतीत होता है कि बालू से संबंधित किसी भी तरह का कागजात नहीं है। जिसके बाद सीओ ने अंचल गार्ड के सहयोग से तीनों ट्रैक्टर को महेशपुर थाने को सौंप दिया गया।

## महेशपुर थाना में तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रद्दीपुर ओपी क्षेत्र के पलसा गांव की एक विवाहित महिला के साथ गाली गलौज तथा मारपीट व छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पलसा गांव की मानवारा बेगम ने थाना में आवेदन देकर सब्बीर शेख,खुशीना बीवी, तासमीरा खातून के खिलाफ शिकायत दर्ज करवायी है।वादिनी द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि बीते 24 मई को सुबह तालाब की तरफ गई तो देखा की सब्बीर शेख, खुशीना बीवी,तसमीरा खातून तीनों उसके निजी तालाब में मछली पकड़ रहे हैं। मना करने पर तीनों ने गाली गलौज किया। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा बीच-बचाव किया गया। फिर दोपहर को गाली गलौज करने लगे। शाम के समय सब्बीर शेख घर के आंगन में आकर गाली देने लगा। इस पर वादिनी ने गाली देने का कारण पूछा तो दोनों ने मिलकर इज्जत लूटने का प्रयास किया। फिर ग्रामीणों द्वारा बीच-बचाव करते हुए दोनों को अलग कर दिया। वही वादिनी द्वारा दिए गए आवेदन पर तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज की गई है।

## नरेंद्र मोदी की सरकार में अल्पसंख्यकों को मिला सबसे ज्यादा लाभ : अनवर

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के जिला कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात एवं संथाल परगना प्रभारी रिंकू शेख की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नौ साल का कार्यकाल पूरा होने को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि भाजपा के सभी सातों मोर्चा की संयुक्त विधानसभा स्तरीय सम्मेलन पाकुड़ के तीनों विधानसभा में आयोजित होगी। आगामी 12, 13 और 15 जून को सम्मेलन का आयोजन होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अल्पसंख्यक समुदाय को सबसे अधिक फायदा मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि आदि योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समाज को मिला है। इसलिए अल्पसंख्यक समुदाय को भी भाजपा का समर्थन करना चाहिए। मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री एवं पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष संपा साह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दानियाल किस्कू, साहेब हांसदा, मुख्तार अंसारी, सुबोध मंडल, रवि जायसवाल, जोगेश टुडू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय एवं दिलीप सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रसन्ना मिश्रा, जिला मंत्री जामू मरांडी, पार्वती पासवान, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सबरी पाल आदि मौजूद थे। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष सदर प्रखंड के दर्जनों अल्पसंख्यक समाज के युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का पार्टी में स्वागत किया।

# ससुर व साले ने प्रतिशोध में कर दी पूर्व दामाद की निर्मम हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** दिन दहाड़े सरे आम एक युवक की दौड़ा दौड़ाकर चाकू और अन्य धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिए जाने की वीभत्स घटना सामने आई है। यह सनसनीखेज घटना अमड़ापाड़ा सीमा से लगे महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बासमती गांव में रविवार को करीब साढ़े आठ बजे घटित हुई है। जानकारी मिली है कि हत्यारोपी बीरबल उर्फ बीरू मंडल साथ में उनके पुत्र देव मंडल सहित अन्य परिजन हैं। इन सबों ने करीब 35 वर्षीय विश्वजीत गोराई को दौड़ाकर पकड़ा और चाकू से दर्जनों दफा वार कर शरीर को छलनी कर दिया। बताते चलें कि हत्यारोपी बीरू और बीरबल मृतक विश्वजीत के पूर्व ससुर व साला हैं। साहिबगंज जिले के रांगा थाना निवासी मृतक विश्वजीत की पहली शादी हत्या के आरोपी बीरू मंडल की पुत्री से बासमती गांव में हुई थी। हाल के कुछ वर्ष पहले बीरू की पुत्री यानि विश्वजीत की पत्नी की हत्या मायके में ही हो गई थी। उसे गला रेतकर मार दिया गया था। हत्या किसने और क्यों की इस रहस्य से आज तक पर्दा नहीं उठ पाया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ नवनीत हेंब्रम सहित अमड़ापाड़ा और महेशपुर थाना के प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव व संतोष कुमार के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी व पर्याप्त पुलिस बल स्थल पर पहुंचे। घटना की तफ्तीश की जा रही है। मृतक के ससुराल वालों और हत्या के दौरान मौजूद चश्मदीद पत्नी से आवश्यक जानकारी ली जा रही है। घटना के करीब आठ घंटे बाद ग्रामीणों को समझा बुझा कर शव को उठाया गया।

**मृतक ने पूर्व के ससुराल सटे गांव में की थी दूसरी शादी**

जानकारी के अनुसार अपनी पहली पत्नी की हत्या हो जाने के बाद विश्वजीत ने हरिशपुर निवासी चंदन मंडल की पुत्री प्रियंका से करीब बीस दिन पूर्व दूसरी शादी कर ली थी। इस बात की जानकारी वीरू को थी। हालांकि चर्चा यह भी रही कि वीरू को अपनी बेटी की हत्या का शक दामाद विश्वजीत पर था। वह मौके की तालाश में था। जब यह नवविवाहित जोड़ा बाइक पर सवार होकर बासमती गांव होते हुए हुए अपने पूर्व ससुराल के सामने वाली सड़क से भौरीकोचा पूजा करने जा रहा था। साला ससुर सहित अन्य परिजनों ने देख लिया। सभी उसपर टूट पड़े और उसे जानवर की तरह दौड़ाकर मार डाला। इस घटना में मृतक की पत्नी प्रियंका भी घायल हुई है। बहरहाल, कहीं न कहीं यह हत्या पुरानी रंजिश, दूसरी शादी और प्रतिशोध की मानसिकता का परिणाम माना जा रहा है।

**निर्मम हत्या से आक्रोशित हुए ग्रामीण**

वीरू मंडल और उनके परिजन के इस कुकृत्य से बासमती के ग्रामीण आक्रोशित हैं। वो हत्या के आरोपिओं की त्वरित गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं। हत्या के आठ घंटे बाद घटना स्थल से शव को ग्रामीणों ने उठाया।

## ग्रामीणों ने जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव को सौंपा ज्ञापन, रखी अपनी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत मलकोको के गोहमदवाटांड में ग्रामीणों ने बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी जगदीश सिंह ने किया।मौके पर विभिन्न योजनाओं को लेकर एक आमसभा की गई, जिसमें ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से एक मांग पत्र जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग किया की संजय राणा के घर से लेकर कोतरा टांड तक मिट्टी मोरम रोड निर्माण किया जाय। वहीं इसाक मियां घर से लेकर सदीक मियां घर तक नाली निर्माण, मनोज मियां घर से अंबेडकर स्कूल तक सड़क निर्माण, कोनिया में छठ घाट का निर्माण, बेलागडहा नदी में छठ घाट का निर्माण, बरसाती नदी में श्मशान घाट का निर्माण, सदाम अंसारी के घर से महेश राणा के घर तक मिट्टी मोरम का रोड निर्माण, मुस्ताक अंसारी के घर से लेकर उत्क्रमित विद्यालय तक पीसीसी पथ निर्माण, सुनील राणा के घर से लेकर पुराना कब्रिस्तान तक मिट्टी मोरम डाला जाय। मौके पर ग्रामीणों में केदार राणा, विजय राणा, हीरालाल राणा, दिनेश राणा, रंजीत यादव, मुकेश ठाकुर, गुलाब दास, डुगलाल ठाकुर, किशुन सिंह, मेघलाल सिंह मुस्ताक अंसारी, संदीप यादव, सूरज दास, जिब्राईल अंसारी, बैजनाथ राणा, सखी मसोमात आदि उपस्थित थे।

## प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रहा है गुटखा पान मसाला

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हिरणपुर :** झारखंड में तंबाकू, गुटखा व पान मसाले पर प्रतिबंध है। इसके बाबजूद हिरणपुर क्षेत्र में गुटखा व पान मसाला धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। जबकि सरकार द्वारा इसके बिक्री पर रोक का आदेश पूरी तरह बेअसर है। मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों की दुकानों पर धड़ल्ले से गुटखा की बिक्री की जारी है। शायद ही ऐसा कोई पान व किराना दुकान हो जहां गुटखा की बिक्री नहीं होती है। हां ये अलग बात है कि कोई भी सामने रखकर इसे नहीं बेचते हैं। लेकिन उपलब्ध सभी जगह हैं। बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। कागजों में ही महज गुटखा की बिक्री पर पाबंदी देखी जा रही है। इस लत में किशोर एवं युवा पीढ़ी बर्बाद भी हो रहे हैं। तंबाकू विक्रेताओं में न तो फूड विभाग का डर दिख रहा है और ना हीं पुलिस प्रशासन का। जानकारी के अनुसार प्रखंड में हर माह 7 से 10 लाख रुपये का अवैध कारोबार होता है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए प्रदेश सरकार ने पान मसाला एवं गुटका की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। ओर ये प्रतिबंध साल दर साल बढ़ाया जाता है। सरकारी बाबूओं ने प्रतिबंध होने के कुछ दिनों तक तो दुकानों में छापेमारी किया परन्तु अब चुप्पी साध लिए है। जिससे विक्रेताओं का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

**स्टॉक कर रखते है बिक्रेताः-** सूत्रों के अनुसार बाजार में कई थोक विक्रेता हैं, जो लाखों रुपये के गुटखा को स्टॉक कर रखे हुए हैं। बावजूद ऐसे गैर कानूनी कामों तक न पुलिस के सूत्र पहुंच पा रहे हैं और ना ही खाद्य सुरक्षा विभाग के पदाधिकारी। जबकि ऐसे गोदामों पर कार्रवाई जरूरी है। ताकि अवैध गुटखों के कारोबार पर पूरी तरह शिकंजा कसा जा सके।

**क्या कहते है खाद्य सुरक्षा पदाधिकारीः-** इस बाबत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम ने कहा कि मामले में विभाग गंभीरता है, जल्द ही ऐसे मामलों की जानकारी जुटा कर कार्रवाई की जाएगी।

## बड़कागांव में अजमत-ए-वालेदैन कांफ्रेंस 4 जून को




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम नगड़ी में 4 जून को अजमत-ए-वालीदैन कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा ।जलसा का प्रोग्राम इस्लामिया कमिटी नगड़ी के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से प्रसिद्ध शायर वा मौलाना तशरीफ ला रहे है।इस जलसे में गांव के सभी जाति समुदाय के लोग आपसी एकता प्रकट करते हुवे पूर्ण सहयोग कर रहे है। इस जलसे का इंतजाम मुख्य रूप से अध्यक्ष मो0 सलीमुद्दीन ,सचिव मोश मुबारक, उपअध्यक्ष मोश साबिर, मोहम्मद इम्तियाज सहित गांव के अन्य लोग कर रहे है।

## कांग्रेसियों ने किया बैठक, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** कांग्रेसियों ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप के पंचमाधव स्थित निजी आवास पर बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता बासुदेव यादव व संचालन नरेश सिंह ने किया। मौके पर आगामी लोकसभा चुनाव में बरही विधानसभा से कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत कैसे प्राप्त हो इस पर गहन विचार विमर्श किया गया। वहीं कॉन्ग्रेस नेताओं ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की हजारीबाग लोकसभा की सीट कांग्रेस पार्टी के झोली में इस बार डालेंगे। वहीं कांग्रेस नेता नरेश सिंह ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, बासुदेव यादव, यमुना यादव, मुखिया मनोज कुमार, कुणाल कतरियार, नरेश सिंह, प्रमोद सिंह, गाजो यादव, सुशील केसरी उर्फ नुनु, मास्टर शरीफुल हक, प्रयाग यादव, मोहन प्रजापति, द्वारका रविदास, राजू राणा एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बड़कागांव मध्य पंचायत में चापाकल मरम्मत कार्य शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** मध्य पंचायत बड़कागांव में पेयजल समस्या को दूर करने को लेकर 20 चापाकल का मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ विकास सिन्हा के घर के पास से मुखिया तकरीमउल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर एवं वार्ड सदस्य संजय कुमार की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। उक्त खराब पड़े चापाकल को मरम्मत के बाद पानी चालू कराया गया जिसमें 30 घरों के परिवार के लोग लाभान्वित होंगे। वही मस्जिद के समीप लालदेव पासवान के घर के पास खराब पड़े चापाकल को भी मरम्मत कर पानी चालू कराया गया यहां पर लगभग 40 परिवार के लोग लाभान्वित होंगे। मुखिया तकरीमउल्लाह खान एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि पंचायत में 20 खराब पड़े चापाकल का मरम्मत कराने का सरकार के द्वारा निर्देश दिया गया है ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़े।

## फर्जी राशन कार्ड निर्गत मामले में प्रखंड ऑपरेटर की है अहम भूमिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** फर्जी राशन कार्ड निर्गत मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के ऑपरेटर रफीक अंसारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने भी जांच के जारी आदेश में प्रखंड ऑपरेटर का जिक्र किया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिन तीन बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है, उनमें प्रखंड ऑपरेटर से जुड़ी जांच भी शामिल है। इधर सूत्रों की माने तो प्रखंड ऑपरेटर रफीक अंसारी ने बिचौलियों के साथ मिलकर फर्जी राशन कार्ड निर्गत में अहम भूमिका निभाया है। अगर ईमानदारी से जांच हो तो रफीक अंसारी का काला चिट्ठा सामने आ सकता है। सूत्रों का दावा है कि रफीक अंसारी आपूर्ति विभाग से जुड़े कई काले कारनामों को अंजाम दे चुका है। पिछले दिनों एक राशन दुकानदार से जुड़े दर्जनों लाभुकों को अपने मन से दूसरे राशन दुकानदार से टैग कर दिया था। जिसका विरोध भी हुआ था और लाभुकों ने डीसी से शिकायत भी की थी। शिकायत के बाद मामले को सुलझाया गया था। सूत्रों का कहना है कि प्रखंड ऑपरेटर रफीक अंसारी पिछले करीब चार पांच साल से कार्यरत है। इस दौरान अगर कागजी रूप से उनकी भूमिका की जांच कराई जाए तो काफी सारे फर्जी मामले उजागर हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सामान्य वर्ग को एससी एसटी एवं पीजीटी कैटेगरी दिखाकर लाल कार्ड निर्गत कर दिया गया है। अखबार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए जांच का आदेश दिया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

## रागिनी सिंह छोटे बच्चों के भविष्य को निखारने में करेंगी मदद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** रविवार को एक कार्यक्रम से लौटने के क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह झरिया धर्मशाला रोड स्थित एक विद्यालय में छोटे बच्चों के पढ़ने की आवाज सुनी। जिसके उपरांत रागिनी सिंह इस विद्यालय में पहुंची एवं बच्चो से मिली। उनके द्वारा पढ़े जा रहे कविताओं को सुन खुश हुई और बच्चो को पढ़ाई के प्रति उत्साहित देखकर उन्हे टॉफी खिलाई। वहीं बच्चो ने अभिवादन् स्वरूप उन्हे धन्यवाद कह कर आभार प्रकट किया। भाजपा के युवा कार्यकर्ता सौरभ शर्मा ने बताया कि इस विद्यालय का नाम आदर्श माध्यमिक विद्यालय है जो 1932 से वहां स्थापित है। और तब से लगातार झरिया के छोटे बच्चो को शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने का कार्य कर रहा है। वर्तमान में इस विद्यालय को वहां की अध्यापिका संजू सिंह संभाल रही है। वहीं श्रीमती सिंह ने उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए स्कूल में होने वाले कार्यों में रुचि दिखाते हुए हर संभव सहायता करने की बात कही।

## कांग्रेस प्रदेश सचिव ने चंद्रपाड़ा गांव का किया दौरा, समस्याओं से हुए रूबरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** कांग्रेस प्रदेश सचिव तनवीर आलम ने रविवार को चंद्रपाड़ा गांव का दौरा किया। आलम ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया। इस दौरान चंद्रपाड़ा में सभा को भी संबोधित किया। तनवीर आलम ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान ही गांवों के दौरा का उद्देश्य है। कहा कि समस्याओं को जानने के लिए ही आपके बीच पहुंचे हैं। प्राथमिकता के तौर पर समस्याओं का समाधान होगा। जिन्हें जिस तरह की समस्याएं हैं, रख सकते हैं। निश्चित रूप से उस पर गंभीरता से काम किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस सचिव ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी रखा। उन्होंने कहा कि आपके प्यार और स्नेह ने उन्हें मंत्री बनाया है। आम जनता के दुआ और आशीर्वाद से ही विधानसभा में पहुंचे हैं। मंत्री जी इस बात को बखूबी समझते हैं। इसलिए आपकी समस्याओं पर हमेशा ध्यान भी रखते हैं। आपकी समस्याओं का समाधान भी करते रहे हैं। पाकुड़ प्रखंड में हर तरफ सड़कों का जाल बिछाने का काम मंत्री जी ने किया है। पूर्व में और आज की सड़कों में आसमान जमीन का फर्क देखेंगे। जिन सड़कों पर चलना मुश्किल था, आज वहां पक्की सड़क बन गई है। यहां के लोगों को व्यवसाय एवं अन्य कामों के लिए लंबी दूरी तय कर बंगाल जाना पड़ता था। आज उस मार्ग को आसान बनाने का काम चल रहा है। इशाकपुर से नया अंजना होते हुए चांदपुर तक चौड़ीकरण का काम चल रहा है। पानी की समस्याओं को भी काफी हद तक दूर किया है। जिस जगह चापाकल या बोरिंग की जरूरत पड़ी है, वहां वो काम किया गया है। डीप बोरिंग से पानी की सप्लाई हो रही है। बिजली की समस्या से भी अवगत हूं। मंत्री जी इस पर नजर बनाए हुए हैं और सुधार की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सब स्टेशन का निर्माण हो रहा है। पाली में सब स्टेशन का निर्माण हो चुका है। फरसा में सब स्टेशन निर्माण का शिलान्यास किया गया है। यहां भी जल्द सब स्टेशन का निर्माण हो जाएगा। इससे बिजली कट से संबंधित समस्याएं दूर हो जाएगी। थोड़ा धैर्य रखें और उस सुखद दिन का इंतजार करें। निश्चित रूप से बिजली की समस्या भी दूर हो जाएगी। प्रदेश कांग्रेस सचिव ने केंद्र और भाजपा पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। केंद्र सरकार और भाजपा ने देशवासियों पर जो जुल्म ढाया है, उसका परिणाम आना शुरू हो गया है। कर्नाटक में भाजपा की करारी शिकस्त और कांग्रेस की शानदार जीत से भाजपा के बुरे दिनों का आगाज हो चुका है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष तस्लीम आरिफ बुलेट, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास, नवादा पंचायत अध्यक्ष कबिबुर रहमान, नसीम आलम आदि मौजूद थे।

## बड़कागांव में दो दिवसीय जीपीडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के पंचायतों में विकास कराने योजना को लेकर सभागार भवन में जीपीडीपी को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस का समापन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड प्रमुख फुलवा देवी एवं संचालन पंचायती राज्य समन्वयक आशीष कुमार पासवान ने किया।ट्रेनर आशीष कुमार पासवान के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों, पंचायत सेवक को पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। सभी पंचायत को बजट के अनुसार योजना कार्यकारिणी से पारित कर ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए निर्देशित किया गया। मौके उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार आदि थे ।

# चाइना गोलीकांड आपसी झड़प का नतीजा, एक गिरफ्तार

## प्रेस वार्ता कर वरीय पुलिस अधीक्षक ने दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पिछले दिनों धनबाद के भूली थाना अंतर्गत बाईपास रोड किनारे एक होटल में हुई गोलीबारी का उद्भेदन धनबाद पुलिस ने कर दिया है। पुलिस की माने तो यह गोलीबारी किसी गैंगवार का नतीजा नही था, बल्कि खाने-पीने के क्रम में किसी बात को लेकर आपसी झड़प के दौरान इस घटना को अंजाम दिया गया था।ज्ञात हो बीते 24 मई को वासेपुर के गैंगस्टर फहीम खान के पुत्र इकबाल खान के करीबी अनवर खान उर्फ चाइना गुड्डू को अज्ञात बदमाशों ने गोलीमार कर घायल कर दिया था। इस संबंध में रविवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि



मामले के उद्भेदन के लिए बनाई गई विशेष टीम ने इस घटना के मुख्य आरोपित फैजान अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसके पास से घटना में प्रयुक्त एक रिवाल्वर, दो गोली और खोखा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि यह घटना किसी गैंगवार का नतीजा नही था, बल्कि इस घटना का आरोपित गिरफ्तार फैजान ने बाईपास रोड स्थित एक होटल में कुछ दोस्तों के साथ पार्टी दिया था। इस पार्टी में आरोपित फैजान ने घायल चाइना गुड्डू को भी आमंत्रित किया था। उन्होंने बताया कि खाने-पीने के क्रम में ही आरोपित और चाइना गुड्डू के बीच किसी बात को लेकर झड़प होने लगी। इसी दौरान आरोपित ने चाइना गुड्डू के ऊपर अपनी रिवाल्वर से तीन गोलियां दाग दी। जिसमे से दो गोलियां चाइना गुड्डू को लगी, जबकि तीसरी गोली रिवाल्वर में ही फंसी रह गई जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस कांड के तीन आरोपित बनाए गए थे, जिसमे से मुख्य आरोपित फैजान अहमद की गिरफ्तारी हो गई है। दो अन्य आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डब्लू चाइना हमला कांड मे फरार आरोपी ने खुद को बताया बेगुनाह, परिवार ने किया ऑडियो वायरल

धनबाद : बीते दिनों वासेपुर के गैंगस्टर के पुत्र इकबाल खान का करीबी चाइना डब्लू पर गोलीबारी कांड में आरोपित अब्दुल गफ़्फ़ार उर्फ टिंकू कुरैशी की पत्नी और उसकी माँ समेत अन्य रिश्तेदारों ने रविवार को मीडिया के सामने आकर टिंकू को बेकसूर बताया और एक ऑडियो भी वायरल किया जिसमें टिंकू खुद को बेगुनाह बता रहा था।मीडिया के समक्ष दिए बयान में बताया गया कि टिंकू ज़मीन का काम करता है। बावजूद नन्हे हत्याकांड में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया और अब वह जमानत पर बाहर है। एक बार फिर चाइना डब्लू हमला कांड मामले में पुलिस उसे आरोपित बना रही है। हालांकि वह इस घटना का चश्मदीद गवाह है और गोली किसने चलाई है, टिंकू बता सकता है। बताते चलें कि फिलहाल टिंकू कुरैशी फरार चल रहा है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## दुर्घटना के बाद रद्द हुई गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन, यात्रियों ने स्टेशन में काटा बवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** दुर्घटना के बाद गिरिडीह-मधुपुर ट्रेन रद्द किए जाने के बाद टिकट वापसी को लेकर गिरिडीह रेलवे स्टेशन में हंगामा हो गया इस दौरान टिकट काउंटर का शीशा भी तोड़ा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह मधुपुर से गिरिडीह की तरफ चली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से फूलजोरी के समीप एक व्यक्ति की मौत हो गई।सूचना पर स्थानीय लोग, परिजन व रेल पुलिस पहुंच गई लेकिन स्थानीय पुलिस नहीं पहुंच सकी। लोकल पुलिस के समय पर नहीं पहुंचने से रेल लाइन से रेल पुलिस ने शव को पटरी से नहीं हटाया। जिसकी वजह से रेल लाइन पर परिचालन



बाधित हो गया। ऐसे में गिरिडीह से वापस मधुपुर की तरफ ट्रेन नहीं जा सकी और ट्रेन को रद्द कर दिया गया। ट्रेन के वापस मधुपुर नहीं जाने से यात्री नाराज हो गए और टिकट के रुपये वापस करने की मांग करने लगे। इस दौरान एक युवक ने खूब हंगामा किया।युवक टिकट का सारा पैसा रिफंड मांग रहा था। ऐसा नहीं होने पर उक्त युवक ने टिकट काउंटर का शीशा तोड़ दिया। इस घटना में एक रेलकर्मी सुभाष चोटिल हो गया है।सुभाष ने बताया कि रेलवे के नियम के अनुसार ट्रेन रद्द होने पर 70 फीसदी पैसा ही वापस हो सकता है। यह बात एक युवक समझ नहीं रहा था और पूरा पैसा मांगने लगा। नहीं देने पर उसने ही काउंटर के शीशा को तोड़ दिया।

## 10वी व इंटर साइंस 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवरी :** देवरी प्रखंड अंतर्गत भेलवाघाटी पंचायत सचिवालय में रविवार को मुखिया विकास कुमार ने नेतृत्व में विगत दिन झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से जारी दसवीं व इंटरमीडिएट साइंस 12 वी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मान समारोह आयोजन कर उन्हें मेडल व पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।कार्यक्रम में लगभग 40 से अधिक के दसवीं के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया वहीं इंटर साइंस के 3 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसको प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंचायत के मुखिया विकास कुमार ने कहा भेलवाघाटी एक पिछड़ा पंचायत के रूप में है और यहां की विद्यार्थी दसवीं व 12वीं में बेहतर अंक लाकर पंचायत का नाम रोशन किया इसके साथ ही कहा अगर बेहतर कार्य करने वाले छात्रों को हौसला एवं सम्मानित करने से उनके अंदर और बेहतर करने का उत्तेजना जगती है इन्हीं सोच के कारण आज मेरे नेतृत्व में कार्यक्रम का



आयोजन किया गया इसके साथ ही कहा शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव मदद करता रहूंगा।मौके पर पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल बास्के, उप मुखिया प्रतिनिधि अहमद अंसारी, वार्ड सदस्य किशोर राम, काज़िम मियां, पंचायत सचिव गुरुदेव कुमार, मनोहर पंडित, शिक्षक अर्जुन पंडित राकेश रंजन के साथ है सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक उपस्थित थे सभी ने मुखिया को भी शुभकामना दिया इस बेहतर कार्य को लेकर।

## बामनबाद गांव में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पूर्वी टुंडी :** पूर्वी टुंडी प्रखंड के लटानी पंचायत के बामनबाद गांव में पेयजल की भीषण समस्या है लगातार कई दिनों से क्षेत्र में बिजली की भी काफी समस्या है न सही से बिजली रहती है ना पेयजल की अच्छी सुविधा है प्रखंड मुख्यालय हैं फिर भी यहां इतनी सारी समस्याएं हैं तो बाकी जगह में क्या होगा यह तो समझ से परे हैं गांव की महिला, पुरुष बच्चे सभी के हाथों में बाल्टी गिलान आदि लेकर बंद पड़े सोलर टंकी के समीप प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध जमकर बोले ,गांव के लोग के बीच पेयजल की काफी दिक्कत हैं सोलर टंकी खराब होने के कारण बंद पड़ी है दर्जनों लोग बाल्टी लेकर पेयजल व्यवस्था की मांग कर रहे हैं जो जल नल योजना है वह भी पूरी तरह फ्लॉप है यह चार-पांच दिनों के बाद कभी आती है पांच 10 मिनट के लिए द्य आजादी के इतनी साल बीत जाने के बाद भी मूलभूत आवश्यकता यदि नहीं मिल रही है तो विकास क्या हो रहा है आवश्यकताओं के प्रति ना तो कभी यहां के जनप्रतिनिधियों की आंखें खुली और ना ही प्रखंड प्रशासन का यहां विकास दूर-दूर तक देखने को नहीं मिलता आखिर यहां की जनता को कब तक मूलभूत आवश्यकताओं से दूर रखा जाएगा।

## बाल विवाह कुप्रथा है , इस कलंक को मिटाना हम सभी का कर्तव्य : भागीरथ सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट सहयोगी कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फॉण्डरेशन द्वारा बाल विवाह ट्रेफिकिंग बाल यौन शोषण के खिलाफ पाथरगड़िया पंचायत मंझलाड़ीह हरि मंदीर के प्रागंण में एक बैठक सहिया माला देवी की अध्यक्षता में किया गया । उक्त बैठक का संचालन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सह फिल्ड़ कॉर्डिनेटर बिनोद महतो ने किया । फिल्ड कॉर्डिनेटर सह समाजसेवी भागीरथ सिंह ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि यह अभियान धनबाद जिले के 150 गांवो में चलाया जा रहा है।जिसके तहत पाथरगडिया पंचायत के सभी गांवो को बाल विवाह मुक्त बानाने की दिशा में पहल की जा रही है। उन्होंने आगे कहा बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिये हम सभी को आगे बढ़कर कार्य करना हम सभी का कर्तव्य बनता है । बाल विवाह कुप्रथा है , इस कलंक को मिटाना हम सभी का कर्तव्य है। बैठक में आँगनबाड़ी सेविका पूनम सिंह, सहायिका सालु देवी, सहिया माला देवी , प्रतिमा गोस्वामी , झाबु राय, चम्पा देवी, निशा कुमारी, बसन्ति कुमारी , नेहा कुमारी, संजना कुमारी, बन्दना कुमारी , मैना गोस्वामी , जयन्ति देवी, रबनी देवी , गुड़िया देवी , बॉबी देवी आदि उपस्थित थे ।

## पिकलबॉल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ी कर रहे हैं दमदार प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड पिकलबॉल के सह सचिव बी सुधीर ने बताया कि सिक्किम के पक्योन्ग में पिकलबॉल चैम्पियनशिप में झारखंड के सुमिरन सहाय, आयुष, अर्पित और चिरंजीव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 19 प्रतिस्पर्धा में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जिससे झारखंड टीम को पदक जीतने की उम्मीद जगी है। जबकि देवराज आनंद ने अपने ग्रुप में कांस्य पदक जीत कर झारखंड को पहला मेडल तथा संजीत देवराज आनंद डबल ने सिल्वर मेडल जीत कर झारखंड को दूसरा पदक दिलाया। मैच के दौरान झारखंड पिकलबॉल संघ के राष्टीय अध्यक्ष ने झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सुधीर ने आगे बताया कि इंडिया के 15 राज्यों खिलाड़ियों के अलावा नेपाल के खिलाड़ियों के साथ झारखंड के खिलाड़ियों को खेलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। झारखंड के सृजन सहाय, सुमिरन सहाय, नीता कुमारी, प्रभात कुमार, देव राज आनंद, संजीत कुमार, आयुष राज, अर्पित कुमार, चिरंजीव, प्रचेता वर्मा, सुचेता वर्मा, सुमन सिन्हा उपस्थित हैं।

## कैंप लगा कर बैंकिंग, बिजली और फोन बिल का ब्याज माफ किया जाता है तो पानी बिल का क्यों नहीं : सोना खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सोना खान ने झमाडा के पानी बिल का ब्याज को कटौती करने एवं बिजली बिल, फ़ोन बिल, बैंकिंग के तर्ज़ पे पानी बिल को भी जगह जगह कैंप लगा कर राशी का भुगतान करने को लेकर नगर आयूक्त एवं झमाडा एमडी को लिखित शिकायत की है। सोना खान का कहना है की उपभोक्ता भारी भरकम राशी को एक मुस्त जमा करने को ले कर काफी परेसान हैं।



बिल से ज़्यादा ब्याज है। गरीब एवं माध्यमिक परिवार के लोग पानी का बिल भरने में असमर्थ है। जबकि लोगो को पानी का बिल ही भरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो पानी के बिल का ब्याज कैसे भरे। सोना खान ने कहा की जबकि बिजली बिल हो या फोन बिल या बैंकिंग सभी कैंप के मधियम से ब्याज माफ कर एक मुस्त जमा राशी जमा करने के लिए जगह जगह कैंप लगाती है। झमाडा द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। झमाडा उपभोक्ता पर जुलम कर रही है। ऐसे में झमाडा द्वारा जो नियम चलाया जा रहा है ये बिलकुल गलत है। इसे वापस लेना चाहिये। कई महीनो से झमाडा द्वारा ऑनलाइन बिल दिया जा रहा है जिसमे भारी भरकम शुल्क उपभोक्ता से वसूला जा रहा है।

### सरिया में बाल विवाह ,बाल श्रम को लेकर चाइल्ड लाइन ने चलाया जागरूकता अभियान

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सरिया बागोडीह पंचायत के आदिवासी गांव पंदनाटोला मे चाइल्ड लाइन व वनवासी विकास आश्रम के द्वारा जागरूकता कार्य कर्म किया गया ।इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के लोगो ने कहा कि आप अपने क्षेत्र मैं किसी भी हालात मे बाल विवाह, बाल श्रम ,बाल यौन शोषण समेत जो भी बाल से सम्बंधित कुरीतिया है उसको समाप्त करे इसके लिये आपको जागरूक होना अति आवश्यक है बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले उन्हे बचपन की आजादी से जीने का हक है उन्हे ईटा भट्टो ,ट्रैक्टर ,होटल ,रेस्टुरेंट ,मे काम पर नही लगावे साथ ही किसी बिचौलियों के माध्यम से दिल्ली ,मुंबई ,कोलकाता जैसे महानगरों में कमाने के लिये नही भेजे सरकार स्कूलों में उन्हे पढ़ने के लिये किताब,पोषक ,खाना, छात्रवृत्ति भी देती है इस लिए उनको शिक्षा का अधिकार है।

## गरी पंचायत में मनाया गया माहवारी स्वच्छता दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** सहयोगिनी संस्था द्वारा बोकारो जिला के कसमार प्रखंड अंतर्गत गरी पंचायत सामुदायिक शेड में माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दौरान सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि माहवारी स्वच्छता का उद्देश्य है कि किशोरियों और महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ मासिक धर्म का सही सूचना और सुविधाये मिले । उन्होंने कहा कि आइए हम सब एक साथ मिल कर माहवारी पर जागरूकता फैलाएं । कार्यक्रम के दौरान कसमार प्रखंड की किशोरियो को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की उत्प्रेरक मंजू देवी ने कहा कि बाल विवाह तथा किशोरी स्वास्थ्य को लेकर संस्था द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पायल देवी, चंपा देवी, इंद्रा देवी, पायल कुमारी, स्वाति कुमारी,पूजा कुमारी, आदि उपस्थित थे।

### रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर माझेरपाड़ा में बैठक संपन्न

## 4 जून को स्नान यात्रा, 20 जून को रथ यात्रा व 28 जून को उल्टा रथ यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को रेलवे इंस्टीट्यूट, माझेरपाड़ा दुर्गा मंदिर में आगामी 20 जून को रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बाप्पी बनर्जी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 4 जून को स्नानयात्रा, 20 जून को रथ यात्रा एवं 28 जून को उल्टा रथयात्रा है। आयोजक सदस्य राणा चट्टराज ने बताया माझेरपाड़ा का रथ यात्रा पिछले साल से ही शुभारंभ हुआ है जो कि बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया था जो एक यादगार है। इस बार भी हम आयोजकों की कोशिश है कि भव्य, शानदार और साज-सज्जा में बढ़-चढ़कर इस वर्ष के रथ यात्रा को मनाई जाए। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित के.एस बनर्जी, जयदेब दास, राणा चट्टराज, अम्लेनंदू मुखर्जी, प्रदीप बनर्जी, शुभाशीष गुहा, सलील घोष, सोमेश बनर्जी, घंटों दा आदि लोग शामिल थे।

## काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का विराट आयोजन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह गांव में आज रविवार को तीन दिवसीय सार्वजनिक काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया यह आयोजन 28/5/23 से लेकर 30/5/23 तक आहूत की गयी है। इस आयोजन को लेकर



आज 501 कुंवारी कन्याओं के द्वारा क्लश यात्रा निकाली गई सभी कन्याओं ने क्लश में जल भरकर काली मंदिर लाया जहां पुजारी सिदेश्वर पाण्डेय एवं मृत्युंजय पाण्डेय के द्वारा पुजा प्रारंभ किया गया इस दौरान पूरे गांव भक्तिमय से गुंजायमान हो गया। मौके पर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष धनंजय दां, सचिव कन्हाई दां, कोषाध्यक्ष मुन्ना दां, उपप्रमुख संजू गुप्ता, उनके प्रतिनिधि कनक गुप्ता, टुंडी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी दीपनारायण सिंह, मनोज दां,भीम दां अजीत दां समेत कई समाजसेवी उपस्थित थे।

## ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं : डॉ आर एन भट्टाचार्य

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमरी अस्पताल कोलकाता के निदेशक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रो. डॉ. आर. एन. भट्टाचार्य ने रविवार को अपना हॉस्पिटल, साहिबगंज मोड़, गोविंदपुर में कहा कि ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं रही। इसका उपचार संभव है और इस बीमारी से ग्रस्त लोग उचित इलाज के बाद पूर्ण रूप से स्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने लकवा व मिर्गी के दौरे, याददाश्त में कमी, कमर एवं गर्दन दर्द, मस्तिष्क में खून आना, मस्तिष्क में पानी जमना, मस्तिष्क चोट, स्लिप डिस्क, दिमागी बुखार, सिर दर्द आदि के बारे में मरीजों को कई सलाह दी। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक अपना हॉस्पिटल, साहिबगंज मोड़, गोविंदपुर में सेवा देंगे। इसके लिए संबंधित मरीजों को त्वरित सुविधा के लिए अपना हॉस्पिटल में पहले से पंजीयन करा लेना होगा। अपना हॉस्पिटल के निदेशक मो. सलाउद्दीन ने डॉ. भट्टाचार्य का स्वागत किया और यहां सेवा देने के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा की अब धनबादवासी अनुभवी और विशेषज्ञ न्यूरो सर्जन डॉ. आर.एन. भट्टाचार्य से अपने ही शहर में ससमय इलाज करवा कर स्वस्थ होंगे। साथ ही इलाज में कम खर्च से लाभान्वित होंगे। अब न्यूरो से ग्रसित मरीजों को शहर से दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस मौके पर अस्पताल के मो. आमिरुद्दीन, शमशेर रजा, अशोक कुमार, अनिता आदि मौजूद थे।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू कि मनाया गया 59वां पुण्यतिथि

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में हाउसिंग कालोनी कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिंह की अध्यक्षता में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु की 59 वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सभी को संबोधित किया। प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरु के विचार , धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता के मुल्य, दूरदर्शिता और अहमियत हमेशा हमारी अंतरात्मा के कार्यों का मार्गदर्शन करती रहेगी श्रद्धांजलि देने वालों में उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, पप्पू कुमार तिवारी, शब्बीर अली, रामजी ठाकुर, आशीष सिन्हा, मनोज हाड़ी,अरविंद कुमार सैनी, राजा खान ,एम डी हमीद खान आदि थे ।

## प्रवासी मजदूर का कोलकाता में निधन, पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर माहौल हुआ गमगीन

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लुतियानो निवासी फलजीत महतो के पिता 60 वर्षीय पुनु महतो के निधन पिछले दिनों कोलकाता में हो गई थी। वे बहुत दिनों से कोलकाता में कार्य करता था। कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, जिसका इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की सूचना पाकर उनके आवास पहुंचे बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो। अन्तिम दर्शन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए साथ ही पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बंधवाया एवं सरकारी प्रवासी मुआवाजा प्रावधान की अनुसार हर संभव मदद का भरोसा भी दिलवाया मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हरिहर मंडल ,मुखिया प्रतिनिधि शिवदयाल पासवन,पंचायत समिति प्रतिनिधि लखन मेहता , महेंद्र मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

## मुखिया प्रतिनिधि ने जविप्र दुकानदारों संग किया बैठक

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरारी के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने पंचायत के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ पंचायत भवन अरारी में एक बैठक कर सभी बीपीएल एवं एपीएल परिवारों के बीच अनाज का वितरण सुनिश्चित एवं नियमित हो इस पर विचार विमर्श किया गया। इस बीच श्री सुनील वर्मा ने सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि गरीबों का अनाज सही समय पर वितरण करे शिकायत नहीं मिलना चाहिए। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, उप मुखिया जितेंद्र यादव, पंचायत सचिव राजकुमार पासवान, वार्ड सदस्य सुखदेव बैठा, राजकुमार साव , टुनटुन कुमार , सरफुदीन अंसारी के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## कब्रिस्तान और शमशान के सेवकों के बीच बांटे गये कपड़े

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान, समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद सद्दाम हुसैन एवं हाजी ज़मीर आरिफ के द्वारा कब्रिस्तान और शमशान मे कार्यरत सेवकों के बीच वस्त्र वितरित किया गया। मौके पर इन समाजसेवियों ने बताया की हम सभी के जीवन की अंतिम यात्रा कब्रिस्तान और शमशान पर ही जाकर समाप्त होनी है। हमें चाहिये की हम अपने जीवन मे अच्छे कर्म करें जिससे कुछ पुण्य अर्जित हो सके। इसी पुण्य के उददेश्य से आज हम लोगों ने कब्रिस्तान और शमशान मे अपनी सेवा देने वाले लोगों के बीच कपड़े बांटे और उनकी आर्थिक सहायता भी की।

## कल्याण समिति ट्रस्ट सभी पत्रकार संगठन को एक पैनल पर लाने का कार्य करेगी : मुख्तार अहमद

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल समेत देश भर में आये दिन हो रहे पत्रकारों पर हमला को लेकर सरकार की पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। प्रत्येक दिन किसी न किसी पत्रकार पर जानलेवा हमला हो रहा है। इस तरह के मामलों में सरकारी अधिकारियों की उदासीनता के कारण ही बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। यह समस्या आज के दौर में पत्रकारों के विरुद्ध विकराल रूप लेती जा रही है। ताजा आंकड़े की जानकारी से मालूम होता है कि पत्रकारों पर हमलों और हत्याओं के नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। इस दौरान मीडिया की स्वतंत्रता का हनन और पत्रकारों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमलों को लेकर कोलांचल पत्रकार कलयाण सिमिति ट्रस्ट कानूनी सलाहकार की टीम बनाकर अंतिम लड़ाई तक साथ देने का कार्य करेगी। उक्त बातें कोलांचल पत्रकार कलयाण समिति ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष मो मुख्तार अहमद ने कही। उन्होंने कहा कि पत्रकार लगातार हिंसा के शिकार हो रहे हैं और उनकी मनचाहे ढंग से गुप्त निगरानी की जा रही है। पत्रकारों पर इन हमलों के लिए अकसर कोई जवाबदेही नहीं होती है। जबकि पत्रकारों के खिलाफ पुलिस या सुरक्षा बलों के लोग या राजनेता षड्यंत्रपूर्वक हिंसा करने तथा उनके बातो को दबाने का कार्य करते हैं। ऐसे में मजबूती के साथ पहले से ही सभी पत्रकारों को एकजुट होकर तैयार रहना होगा। अहमद ने कहा की इस समय स्वतंत्र पत्रकारिता गम्भीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकारिता के माध्यम से जीविका चलाने में मुश्किलें हो रही हैं, क्योंकि सत्ताधारी लोग कठिन कानूनों को ज़बरदस्ती थोप रहे हैं।

# पीएम ने मन की बात में खूंटी जिले के बोरी-बांध की चर्चा कर झारखंड का बढ़ाया मान : सूरजमोहन साहू

➲पीएम ने 101 वें एपिसोड में जल संरक्षण कार्य के क्षेत्र में लगे देशवाशियों का बढ़ाया उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 मई रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम लोगों के साथ प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम 101 वीं एपिसोड का लाईव प्रसारण टीवी, स्मार्ट्फ़ोन्स, व रेडियो पर सुना। प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 167 पर बजरंग उराँव,168 पर सूरज मोहन साहू,169 मे नजीर आलम खान 174 पर लखन उराँव समेत अनेको भाजपाईयाँ ने अपने अपने बूथ क्षेत्रों में पीएम का 101 वें एपिसोड कार्यक्रम सुना। इस अवसर बूथ संख्या 168 पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम संयोजक सुरज मोहन साहू ने लाईव कार्यक्रम सुनने के उपरांत पत्रकारों से कहा कि पीएम ने अपने 101 वे एपिसोड में जल संरक्षण के क्षेत्र मे झारखण्ड के खुटी जिले के लोंगो गाँव के युवाओं को बोरी बांध की कार्यो का चर्चा कर झारखंड का बढाया मान। साहू ने कहा कि आजादी के अमृतकाल मे जल संरक्षण के क्षेत्र अमृत सरोवर के निर्माण कार्य की सराहना की। पीएम ने कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियो को बताया की देश के सभी जिलों में 75 अमृत सरोवरों की स्वीकृति प्रदान की गई है पुरे देश मे 50,000 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चूका है। साहू ने कहा कि समाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले बीर साँवरकर की जयंती एवं तेलगु फिल्म के महानायक एन0टी0 रामाराव की जयंती पर देश के तरफ से पीएम ने उन्हे नमन करते हुए कहा कि भारत की शक्ति विविधता में है। पीएम ने आज के एपिसोड में आने वाले 21 जुन विश्व योग दिवस पर सभी देशवासियों को अपने अपने क्षेत्रों में उक्त कार्यकम को सफल बनाने की अपील भी किया। इसके अलावा पीएम ने आज के 101 वीं एपिसोड मे समाजिक जीवन से जुड़े अनेको चर्चाएं उन्होने किया। साहू ने महिने के अन्तिम रविवार को जिले हर आम व खास लोगो से पीएम मन की बात कार्यक्रम लाईव प्रसारण सुनने की अपील की है।

# हर मनुष्य एक-दूसरे का सम्मान करें : विधायक भूषण बाड़ा

➲धूमधाम से मना कुरडेग भिखारियेट काथलिक महिला संघ का रजत जयंती समरोह

➲बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में संपन्न हुआ मिस्सा अनुष्ठान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग भिखारियेट काथलिक महिला संघ का 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में मिस?सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर कोयल दल की बहनों ने नृत?य कर बिशप सहित अन?य अतिथियों को वेदी तक लाया। बिशप विसेंट बरवा ने संदेश देते हुए कहा कि महिला संघ के लिए रजत जयंती समारोह महत्वपूर्ण समारोह है। माताओं को ईश्वर का सौभाग्य प्राप्त है। वहीं एक मां होना गौरव की बात है, जो ईश्वर के सभी संतानों पर अपना निस्वार्थ प्रेम व स्नेह न्योछावर करती है। कलिसिया भी हमारी मां है। जो सब कुछ सहन करते हुए भी हमारे ऊपर स्नेह बरसाती है। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस?य जोसिमा खाखा, डीन फादर सुनील कुमार तिर्की, फादर नेस?तोर कुल्लू, फादर बिपिन किशोर सोरेंग, फादर फाबियन डुंगडुंग, फादर एडमोन बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो,जिप सदस्य केरसई प्रेमा बड़ा,कुरडेग भिखारिएट कुरडेग भिखारिएट काथलिक महिला सभानेत्री लिली अनिता एक्का, अनिता रानी टोप्पो,रजनी कुल्लू, सुचिता बिलुंग, हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रभु चाहते हैं कि हम ईश्वर के प्रेम और पड़ोसी प्रेम को अपने जीवन का केंद्र बिंदु बनाएं। हर मानव एक-दूसरे का सम्मान करें। भाई अपने भाई का आदर करे।

# कांग्रेसियों ने मनाई प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजेन्द्र भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि शनिवार को जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात कांग्रेसियों ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने ऐसे समय पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते हैं। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, कांग्रेस के प्रदेश डेलीगेट नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल,मोहन दुबे, युवा कांग्रेस के फहद खान, युवा जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, कुणाल अभिषेक, हाजी सदरूल अंसारी, शंभू प्रजापति, सोहराब अंसारी, परवेज सिद्दीकी, अंसार अहमद, तनवीर गौहर, शुशील देवी, ह्यजिला महिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृता उरांव, बबीता देवी, चमन नागेशिया, जमील अंसारी, सैफ अहमद, कैश आलम, नन्द किशोर शुक्ला आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# धर्मांतरण व लव जिहादियों को सबक सिखाएगी आदिवासी समाज : लक्ष्मी नारायण भगत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 12 पड़हा सेन्दूर पेशरार अंतर्गत भेड़ी कुंदर गम्हरिया में तीन दिवसीय विशू शिकार का आयोजन वेल बिरसु भगत एवं पंचु उरांव के अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला राजी पड़हा लोहरदगा वेल लक्ष्मी नारायण भगत उपस्थित रहे। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में आदिवासी नियम धर्म, भाषा संस्कृति, परंपरा, जमीन, आरक्षण नीति, एवं शादी विवाह में अतिरिक्त खर्च, नशा, शिक्षा, व्यापार आदि बातों पर चर्चा करते हुए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। लक्ष्मी नारायण भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पड़हा व्यवस्था को मजबूत करना है। जब जब चुनाव नजदीक आते हैं तब तब नया नया लोग पड़हा के अधिकारी बनना चाहते हैं और हमारे पड़हा व्यवस्था को कमजोर करने का खेल शुरू होने लगती है। आज हमारे समाज को सावधानीपूर्वक एकजुट होकर काम करना होगा। आज हमारे समाज में चर्च के द्वारा धर्मांतरण एवं अन्य जातियों के द्वारा लव जेहाद को अंजाम दिया जा रहा है इसके लिए हमें एकजुट होकर इनका मुकाबला करना होगा। इसके लिए आदिवासी सभी संगठनों को एक साथ मिलकर काम करना होगा। हमें आपसी विवाद एवं ग्रामीण झगड़ों को पड़हा में निपटारा करने का निर्णय लिया गया। समाज में ढुकू प्रथा को समाप्त करने होंगे। विशू में बलाडीह, बिड़नी,तुडूर, ज्वाल, गमहरिया, गड़ातू, चांड़ी, रनकुली, पिरतौल, हुड़मूड़, हेन्हे, हेंदेहास, ऊपर तुरियाडीह,पेशरार आदि गांवों से उपस्थित थे। प्रमुख रूप से सोमदेव उरांव, सोमे उरांव सरना प्राथना सभा, रामप्रसाद, अमर, फुलदेव, बलराम, उदय भगत, मड़वारी, महेंद्र, मुनेश्वर, हरिश्चंद्र, जयनाथ, दिलीप, बसंत, करमनाथ असुर आदि पड़हा अधिकारी उपस्थित थे।

# वनवासी कल्याण केंद्र में धूमधम के साथ मनाया गया स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के लोहरदगा जिला केंद्र के स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। लोहरदगा जिला में वनवासी कल्याण केंद्र का कार्य 27 मई 1969 को एक चिकित्सा केंद्र के माध्यम से प्रारंभ हुआ था,जो आज जिला के अनेको गांव में विभिन्न आयामों के द्वारा बनवासी समाज का सर्वांगीण विकास का कार्य संचालित हो रहा है। प्रतिवर्ष इस दिन स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया जाता है,इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से हवन पूजन एवं सामूहिक भोजन के साथ अपना केंद्र में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया गया है। इस कार्यक्रम में वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के जिला सचिव श्रीमान अजय पंकज, नगर समिति उपाध्यक्ष श्रीमान राजेश कुमार महतो, तथा जिला समिति के संरक्षक श्रीमान विनोद राय, श्रीमान नीरज नलिन, लोहरदगा नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा वनवासी कल्याण केंद्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीमान अजय मित्तल,दिनेश प्रजापति, शिव शंकर सिंह, श्रीमान चौहान उरांव, श्रीमान लक्ष्मी नारायण भगत, श्रीमती संगीता मित्तल,श्रीमान ओम प्रकाश सिंह, किरण देवी, श्रीमान दीपक कर्मकार, श्रीमती संगीता देबी, शशिलता नाथ,श्रीमान राजकिशोर महतो, बिरसा नेत्रालय के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर नंदा सिंह, केंद्र प्रमुख श्रीमान बंसी लाल बड़ाईक, राजेश्वर उराव,जिला संगठन मंत्री लोहरदगा, संभाग के नगरीय कार्य प्रमुख श्रीमान प्रमोद नाथ सहित नगर के अनेकों गणमान्य पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोलेबिरा के टुटुकेल राई बेड़ा गांव पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत टुटीकेल के राईबेड़ा गांव झारखंड सरकार में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री रहे एनोस एक्का पहुंचे उनके साथ उनके बेटे झापा युवा जिलाध्यक्ष विभव संदेश एक्का भी थे ।जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी होता है जब जनप्रतिनिधि सजग होकर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य करता है। लेकिन इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सरकार की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में विकास नहीं हो पाया है और मेरे जाने के बाद पूरी तरह से रुक गया है लेकिन 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से लोगों के बीच सेवा करने का मौका मिला है ।तो सत्ता में रहूं या ना रहूं पद में रहूं या ना रहूं लेकिन लोगों का सेवा करता रहूंगा जो इस क्षेत्र में अधूरे कार्य हुए हैं उसे पूरा करने का बीड़ा उठाया है ।और झारखंड पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता क्षेत्र की समस्याओं को अपनी समस्या समझते हुए दूर करने का कार्य करेगी। साजिश के साथ मुझे फंसाने का काम किया गया था ।लेकिन न्यायालय पर मुझे पूर्ण विश्वास था और आप लोगों के बीच में आ चुका हूं। आज वर्तमान सरकार की जो स्थिति है वह किसी से छुपा हुआ नहीं आज लोग बिजली पानी सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर तरस रहे हैं लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है इसलिए वक्त आ गया है ।अपनी वोट और अपनी ताकत को समझें और एकजुट होकर झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि आने वाले चुनाव में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले और झारखंड पार्टी पूर्व की तरह क्षेत्र में छूटे हुए सभी कार्य को पूरा करें। वही संदेश एक्का ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मेरे पिताजी ने अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र को अपना घर समझकर कार्य किया उसी प्रकार मैं भी इस क्षेत्र का बेटा बनकर सभी के सुख दुख में साथ देने के लिए तैयार हूं। इस मौके पर गांव के ग्रामीण एवं झारखंड पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय किसान प्रशिक्षण में दी गई जैविक खेती करने की जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला और जलडेगा पंचायत भवन में कृषि 50 महिला एवं 50 पुरुष किसानों का तीन दिवसीय जैविक खेती और तकनीकी प्रशिक्षण का समापन हुआ। शिविर में लीड्स संस्था ने किसानों को प्रशिक्षण दिया इस दौरान किसानों को जैविक खेती की सविस्तार जानकारी दी गई। बताया गया कि टपक सिंचाई के माध्यम से कम पानी में बेहतर फसल उगाई जा सकती है। शिविर में एफटीसी तकनीक से खेती की भी जानकारी दी गई। जैविक खेती से होने वाले फायदे किसानों को बताया गया। इस दौरान लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, जलडेगा एफपीओ के सीईओ सोनू सिंह, जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान सहित किसान उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार पुनेः हिंदू शब्द जोड़ नोटिफिकेशन जारी नहीं किया तो होगी बड़ी आंदोलन : सुषमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में जय श्रीराम समिति के पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक जिला पुरुष कमिटी,महिला जिला कमेटी,नगर कमेटी के लोग उपस्थित थे। सभी ने झारखंड सरकार एवं शिक्षा सचिव के कारनामों को लेकर नाराजगी जाहिर की। लोहरदगा के ऐतिहासिक 1931 में घनश्याम दास बिडला जी द्वारा स्थापित नदिया गांव में नदिया हिंदू हाई स्कूल से हेमंत सरकार और उनके शिक्षा सचिव के द्वारा हिंदू शब्द हटा दिया गया इसका जय श्री राम समिति कड़ा विरोध करती है। एक पखवाड़े के अंदर पुण॰ हिंदू शब्द जोड़ नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया तो इस मामले को लेकर व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा जरूरत पड़ने पर स्कूल में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार का निर्णय ना केवल असंवैधानिक है बल्कि पूरी तरह से गलत है। तत्कालीन बिहार सरकार ने उसे नदिया हिंदू हाई स्कूल के रूप में अतिक्रमण किया गया था शिक्षा सचिव को यह अधिकार नहीं है की तत्कालीन सरकार के द्वारा जिस नाम के साथ अधिकरण किया गया उसमें परिवर्तन कर दे सचिव के अधिकार क्षेत्र में नाम हटाना या जोड़ना नहीं है क्योंकि यह विद्यालय घनश्याम दास बिरला जी के द्वारा दान में दिए गए जमीन पर लोहरदगा के नागरिक ने भवन निर्माण किया गया था बाद में सरकार ने नदिया हिंदू हाई स्कूल के नाम अधिकृत किया था इसलिए सरकार को भी नाम बदलने का अधिकार नहीं है क्योंकि विद्यालय के लिए सरकार उस समय ना तो जमीन दिया था और ना ही भवन का निर्माण करवाया था इस लिहाज से नाम में बदलाव नहीं कर सकती है। सरकार ने नाम बदलकर उस वक्त के भवन निर्माण करने वालों जमीन दाता घनश्याम दास बिरला जी के जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है यह लोहरदगा से जुड़ा जन भावना है इसलिए तत्काल विद्यालय का नाम पुनः नदिया हिंदू हाई स्कूल रखकर नोटिफिकेशन जारी किया जाए। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कभी स्कूलों का रंग हरा कर दिया जाता है कभी स्कूलों का नाम बदल दिया जाता है आखिर झारखंड सरकार क्या चाहती है राजनीति अपनी जगह है शिक्षा के मंदिर में राजनीतिक करना शर्मसार करने जैसा है झारखंड सरकार के इस रवैया से लोहरदगा के सभी लोग आक्रोश में है। मौके पर संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू,अजय सोनी, संजय नायक, समेला भगत, कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, हेमंत वर्मा, महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता देवी, भारती देवी, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, निखिल कुमार, शैलेश कुमार, विष्णु साहू, आकाश मेहता, अंकित कुमार, गौरव कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महिला समूह के कार्यक्रम में पहुंचे विधायक, समूह को दिया साड़ियों का तोहफा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोलेबिरा प्रखण्ड के अघरमा पंचायत में महिला समूह द्वारा आहूत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में खड़िया समुदाय की महिलाओं के द्वारा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं अघरमा मिशन के फादरों का स्वागत फूल माला देकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सभी महिला समूह को अपनी ओर से साड़ी देकर प्रोत्साहित किया। विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं आज जो ये साड़ी आप लोगों के बीच दे रहा हूं,इसका बहुत दुरगामी सोच के साथ दे रहा हूं।वह ये कि हमारे विपक्षी कहते हैं कि ईसाई आदिवासी ,आदिवासियत संस्कृति को नहीं करते हैं क्योंकि कि ये लोग अलग धर्म अपना चुके हैं,मूल अपने भाषा, संस्कृति, परम्परा को समाप्त कर चूके हैं , इसलिए इन्हें आदिवासियत से बंचित किया जाना चाहिए। जबकि मैं कहता हूं कि हमारे ईसाई समाज के लोग अपने भाषा, संस्कृति, परम्परा को न कभी भूलें हैं और ना कभी भूलेंगे।हम ईसाई समुदाय के लोग करम भी मनाते हैं और अपने संस्कृति को भी जिन्दा रखने का काम करते हैं। इसलिए ये साड़ी दे रहे हैं कि आप अपने पढ़ाई-लिखाई के साथ ही साथ अपने भाषा संस्कृति परम्परा को भी सदैव याद रखें। मैं कहना चाहता हूं कि खड़िया समुदाय अपने खड़िया भाषा संस्कृति, उरांव अपने उरांव भाषा संस्कृति एवं मुण्डा अपने भाषा संस्कृति में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करें और अपने समाज को समृद्ध और सशक्त बनाने का कार्य करें। ग्यारह महिला समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, फादर लिनो फर्नांडिस,जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, अमृत डुंगडुंग, पंचायत अध्यक्ष जगदीश केरकेट्टा, विनीता जोजो कोनगाड़ी, धर्म बहन दयामणी पुष्पा कुल्लू आदि बहनें और पंचायत के लोग उपस्थित थे।

# लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के सभी मोर्चा का संयुक्त सम्मेलन 14 जून को : मनीर उरांव

➲राज्य के हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार के आखंड में डूबी हुई है : सीमा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लोहरदगा में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता में आगामी 14 जुन को सभी मोर्चा के संयुक्त कार्यसमिति की बैठक के निमित तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महिला मोर्चा के महामंत्री सीमा सिंह उपस्थित थे। आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने बैठक में उपस्थित सभी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री को बतलाया कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं बूथ लेवल पर संगठन को और बेहतर बनाने को लेकर आगामी 14 जून 2023 को लोहरदगा विधानसभा के सभी मोर्चा के जिला कार्यसमिति एवं सभी मोर्चा के सभी मंडल कार्यसमिति के सम्मेलन होनी है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि केंद्र की सरकार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी का 9 साल की उपलब्धियों को घर-घर में जाकर एवं आम जनता के बीच पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहन-बेटीयों के साथ अत्याचार करवाने वाली राज्य में हेमंत सोरेन की भ्रष्ट सरकार को राज्य से आने वाले समय में उखाड़ फेंकना है। प्रदेश महिला मोर्चा के महामंत्री सीमा सिंह ने कहा की राज्य के हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार के आखंड में डूबी हुई है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री मंजू लता,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष शेखर,एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष भीखाराम उरांव,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रितेश कुमार, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री अमित लोहरा, युवा मोर्चा के महामंत्री सजल कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

# गोंडवाना समर कैंप का किया गया भव्य शुभारंभ अतिशबाजी और गुब्बारा उड़ाकर किया गया आगाज

➲आधुनिक युग में सफल होने और युद्ध जीतने का सबसे बड़ा हथियार है शिक्षा : डॉ. गणेश मांझी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखण्ड अंतर्गत कोनसकेली ग्राम में गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा, गोंडवाना छात्र संघ सिमडेगा और महल्ला समिति कोनसकेली के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित 9वां गोंडवाना समर कैंप का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले ग्राम के पहान के अगुवाई में समर कैंप के सफल आयोजन हेतु गोंडी रीति-विधि से गोंगो किया गया तत्पश्चात अतिथियों के उपस्थिति में अतिशबाजी करके और बैलून उड़ाकर कैंप का शुभारंभ किया गया । उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. गणेश मांझी असिस्टेंट प्रोफेसर ढ्ढ्ढ्ड्ढ जोधपुर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आधुनिक युग में सफल होने और युद्ध जीतने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है. उच्च स्तरीय शिक्षा और देश दुनिया की खबरों से अवगत होकर ही हम समाज को ससक्त और जागरूक कर सकते हैं. उन्होंने तकनीकी विकास के अवधारणा और उसके प्रभाव पर भी अपने विचार रखे और आयोजन समिति तथा प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दिये । विशिष्ट अतिथि तरण भोय प्रमुख केरसई ने भी इस एतिहासिक और भव्य आयोजन को संबोधित कर कहा कि समाज की विकास समाज के सोच पर निर्भर करता है. यदि समाज की सोच अच्छा हो तो वह समाज तेजी से विकास करेगा. आज समर कैंप के माध्यम से यह अच्छा और सकारात्मक सोच देखने मिल रहा है. इसके कारण समाज में जरूर क्रांति आयगी. हेठमा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी ने भी प्रतिभागियों को कैंप में अच्छे विचारों को अच्छे से सुनने और उसे अमल करने के लिए प्रोत्साहित किया. उद्घाटन सत्र में खिंडा पंचायत के मुखिया जगेश्वर प्रधान, गोंडवाना विकास मंच के संरक्षक हीराधर मांझी, चापाबारी निवासी सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर बालसिंह प्रधान, वयोवृद्ध समाजसेवी मोहनाथ प्रधान ने भी अपना विचार प्रतिभागियों के बीच रखे. स्वागत भाषण गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच के अध्यक्ष रामचंद्र मांझी ने रखा।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत, एक गंभीर

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के रिचुघुटा जाने वाली मुख्य सड़क के सलैया घोड़गिरवा में शनिवार की देर शाम ट्रक और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है। जबकि एक को हल्की चोटे लगी है। मृतक युवक की पहचान हुटाप गांव निवासी प्रमोद उराँव पिता रामलाल उराव के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक करण उराँव पिता शिबू उराँव है। जिसमें प्रमोद उराँव के सिर में गंभीर चोटें लगने और अत्यधिक खून बह जाने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आज शाम में उक्त दोनों युवक मोटरसाइकिल से मसूरियाखाड़ की ओर से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान घोरगिरवा मोड़ के समीप में विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बॉक्साइट लोडेड ट्रक जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें सड़क पर ही दोनों युवक गिर कर घायल हो गए। जिसके बाद मामले की जानकारी किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, एएसआई अविनाश कुमार सिंह एंव उप मुखिया रामजीत लोहरा के सहयोग से 108 एंबुलेंस के माध्यम से इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा अत्यधिक रूप से घायल युवक प्रमोद उराँव को मृत घोषित कर दिया।

